Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 277 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 01 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

भूत सपना, भविष्य कल्पना,
वर्तमान अपना, प्रभु नाम जपना।

Past is dream, future is imagination,
Present is our, we should remember God.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

अपना सूपड़ा साफ होते देख कांग्रेस संविधान और आरक्षण खत्म होने का भ्रम फैला रही है : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

कांग्रेस के नेता मोदी लहर से घबराकर मानसिक संतुलन खो चुके हैं, इसलिए कर रहे दुष्प्रचार : विष्णुदेव साय

जांजगीर चांपा (विसं)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, देश में चल रही मोदी लहर से घबराकर कांग्रेसी नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इसलिए आज कांग्रेस भ्रम फैला रही है कि मोदी की सरकार पर बनने पर संविधान और आरक्षण खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के इस झूठ के झांसे में जनता नहीं आने वाली है। मोदी की गारंटी है कि न तो संविधान खत्म होगा और न ही आरक्षण की व्यवस्था। आदिवासी और दलितों, पिछड़ों को आरक्षण की पूर्व की भांति लागू रहेगा। कांग्रेस मुद्दाविहिन हो चुकी है, इसलिए अब कांग्रेस मोदी की गारंटी के बारे में दुष्प्रचार कर रही है। झूठे वादों करने वाली कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की जनता सबक सीखाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी।

विष्णुदेव साय ने कहा कांग्रेस कहती है कि महतारी वंदन योजना सिर्फ चुनाव तक ही चलेगी। अब कांग्रेस इसके बारे में भी भ्रम फैलाने काम कर रही है। कहा-मोदी की गारंटी है कि महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने महिला के खाते में हजार इसी तरह दिए जाएंगे। कांग्रेस के झूठ और दुष्प्रचार पर विश्वास मत करिए। इनको अपनी करारी हार दिखने लगी है। इनके सभी प्रत्याशी चुनाव हारने जा रहे हैं। इसलिए कांग्रेस ने अब झूठ को ही हथियार बना लिया है।

विष्णुदेव साय ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है कि क्योंकि देश की सत्ता पर कांग्रेस को काबिज नहीं होने देना है। क्योंकि ये कांग्रेसी तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों की तरह परिवारवाद की राजनीति नहीं करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का परिवार सभी देशवासी हैं। उनके लिए वह 24 घंटे में 18 घंटे तक दिनरात काम करते हैं। लेकिन कांग्रेस झूठे वादे कर वोट लेते हैं फिर सत्ता पाने के बाद जनता को लूटने में लग जाते हैं।

विष्णुदेव साय ने कहा-प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने देश के गरीबों को आवास, महिलाओं को गैस कनेक्शन, घर-घर नल कनेक्शन के जरिए पानी पहुंचाने सहित विकास के अनगिनत काम किए। मोदी सरकार ने कश्मीर से 370 धारा हटया और राम मंदिर के निर्माण कराया। मोदी जी कहते हैं कि अभी ये सिर्फ ट्रेलर है।

भाजपा आरक्षण का करती है समर्थन, कांग्रेस कर रही दुष्प्रचार : अमित शाह

गुवाहाटी (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा देश में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का समर्थन करती है, कांग्रेस उसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है।

पत्रकारों से बात करते हुए अमित शाह ने कहा, कांग्रेस नेता हमारे 400 सीटों के लक्ष्य के बारे में यह कहकर लोगों को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा की संविधान बदलने की योजना है, यह सरासर झूठ है। भाजपा को दो आम चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला, लेकिन हमने कभी इस तरह की चीजें करने की कोशिश नहीं की। गृह मंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी के नेता इतने हताश हैं कि उन्होंने मेरे भाषण का फर्जी वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर फैलाने की कोशिश की। कांग्रेस के मुख्यमंत्री और अन्य बड़े नेता इस छेड़छाड़ किए गए वीडियो को फॉरवर्ड करते पाए गए।

रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में किया रोड शो

बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से भाजपा के लिए वोट मांगे और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने कहा

रायपुर (विसं)। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने आज मंगलवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर जनता से भाजपा के लिए वोट मांगे और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को कहा। इस रोड शो के दौरान रायपुर पश्चिम की जनता में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उन्होंने अपने चहेते बृजमोहन अग्रवाल का आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। रायपुर पश्चिम की जनता का कहना है कि, बृजमोहन अग्रवाल 35 सालों से ज्यादा समय से रायपुर दक्षिण के विधायक हैं। यह पहला मौका है कि जब रायपुर पश्चिम के लोगों को भी बृजमोहन अग्रवाल को वोट देने का अवसर प्राप्त होगा। जिसको लेकर वो उत्साहित हैं। आज के रोड शो की शुरुआत रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के खमतराई से हुई यहां से पैराडाइज होटल, दुर्गा चौक, अवधपुरी मैदान, हनुमान मंदिर, पडाव गुढियारी , शुक्रवारी बाजार, मंगल बाजार, पहाडी चौक, जगन्नाथ चौक, खालवाडा, कबीर चौक, कर्मा चौक, दिशा कॉलेज, समता कॉलोनी, प्रगति कालेज ओंकार बैस, खाटू श्याम मंदिर, शिकारपुरी धर्मशाला होते हुए नगर निगम कॉलोनी गार्डन पर रोड शो का समापन हुआ।

रोड शो के दौरान कई जगह बृजमोहन अग्रवाल ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव एक नव भारत के निर्माण की नींव रखने वाला चुनाव है। हमको भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनना होगा। जिसमें रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों को योगदान देना होगा। उन्होंने जनता से अपील की कि जैसे विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण की जनता ने उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई है वैसे ही इस बार सभी को मिलकर रायपुर का नाम पूरे देश में ऊंचा करना है। बृजमोहन अग्रवाल ने इस अपार जन समर्थन के लिए जनता का धन्यवाद दिया। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत समेत हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रोड शो में शामिल हुए।

चंद्रप्रकाश व्यास प्रबंधक अपेक्स बैंक हुए सेवानिवृत्त

रायपुर (विश्व परिवार)। अपेक्स बैंक के प्रबंधक श्री चंद्रप्रकाश व्यास आज 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बैंक सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। अपेक्स बैंक मुख्यालय नवा रायपुर में आज दिनाँक 30.04.2024 को श्री सी पी व्यास को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। साथ ही अपेक्स बैंक शाखा शारदा चौक और पंडरी द्वारा विदाई दी गई। नवा रायपुर मुख्यालयमे आयोजित विदाई समारोह में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री के एन कांडे द्वारा बैंक की ओर से श्री सी पी व्यास का समृति चिन्ह, साल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डीजीएम श्री भूपेश चंद्रवंशी, ओएसडी श्री अनूप अग्रवाल, एजीएम श्री अरुण पुरोहित, एजीएम श्री एल के चौधरी, एजीएम श्री अजय भगत,प्रबंधक श्री गुंजार सिंह ठाकुर, प्रबधक श्री अभिषेक तिवारी, संवर्ग अधिकारी श्री सुधीर सोनी एवं बड़ी संख्या में बैंक के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज कटघोरा में आमसभा को करेंगे संबोधित

रायपुर (विसं)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 1 मई को छत्तीसगढ़ के कटघोरा (कोरबा) के मेला ग्राउंड में आमसभा को संबोधित करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन उनके प्रवास को लेकर तैयारी बैठक ले चुके हैं। इस दौरान अमित शाह इस सीट पर जीत के लिए पूरी ताकत झोंकते हुए नजर आएंगे. दरअसल, कोरबा लोकसभा सीट वर्तमान में कांग्रेस के हाथ में हैं. यहां ज्योत्सना महंत सांसद हैं. वहीं भाजपा ने इस सीट से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को अपना प्रत्याशी बनाया है. वहीं, जांजगीर-चांपा सीट से वर्तमान में भाजपा से गुहाराम अजगले सांसद हैं. अजगले ने पिछले आम चुनाव में कांग्रेस के रवि परसराम को हराया था. ऐसे में तीसरे और अंतिम चरण में भाजपा जहां कोरबा जीतने की रणनीति पर काम करेगी. वहीं कांग्रेस के सामने जांजगीर की हारी हुई सीट को जीतने की चुनौती होगी.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भालेराव में जनसभा को किया संबोधित

सबका साथ तो लिया लेकिन विकास की जगह सबका सत्यानाश किया : मल्लिकार्जुन खड़गे

रायपुर (विसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जांजगीर-चांपा के भालेराव मैदान में जनसभा को संबोधित किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी झूठों के सरदार हैं। उन्होंने मंगलसूत्र पर भी झूठ बोला। सबका साथ-सबका विकास का सिर्फ नारा दिया। साथ तो सबका लिया लेकिन विकास की जगह सबका सत्यानाश किया।

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की बाकी बची 7 सीटों के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जान फूंक दी है। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में दोनों दलों के बीच स्टार वॉर शुरू हो गई है। कांग्रेस से पूर्व मंत्री शिव डहरिया के सामने भाजपा उम्मीदवार कमलेश जांगड़े मैदान में हैं।

बता दें कि जांजगीर लोकसभा सीट एससी के लिए रिजर्व है। यह सीट 20 साल से बीजेपी के कब्जे में है। इस कारण इसकी हाई प्रोफाइल सीट में गिनती होती है। छत्तीसगढ़ राज्य का साल 2000 में गठन हुआ। 2004 में लोकसभा चुनाव हुआ। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की भतीजी करुणा शुक्ला ने जीत दर्ज की थी। 2009 में कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया को हराकर कमला देवी पहली बार सांसद बनी थी। 2014 में फिर से टिकट मिलने के बाद प्रेमचंद जायसी को हराया और दूसरी बार सांसद बनी। 2019 में गुहाराम अजगल्ले को मौके मिला और कांग्रेस प्रत्याशी रवि परसराम भारद्वाज को हराकर सांसद बने।

नारायणपुर मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के जवानों ने 10 नक्सलियों को किया ढेर

नारायणपुर (विसं)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। इनमें 3 महिला माओवादी हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से एक AK-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के बाद सर्चिंग की जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर सोमवार देर रात जवान सर्चिंग पर निकल गए थे। जवान मंगलवार की सुबह जब इस इलाके में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मताबिक यहां पर माओवादियों के बड़े कैडर्स मौजूद थे।

10 नक्सलियों के शव बरामद

बस्तर आईजी सुददराज पी. ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। आज सुबह करीब छह बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में डीआरजी एवं एसटीएफ जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ जो लगभग चार घंटे चली। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाये गये तलाशी अभियान में नक्सलियों के शव और हथियार मिले हैं।

छ.ग. स्टेट पॉवर कंपनी से मुख्य अभियंता सतर्कता (एल.टी.) आई.एन. केथवास की भावभीनी विदाई

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से मुख्य अभियंता सतर्कता (एल टी)श्री आई एन केथवास को 37 वर्षों 3 माह की सेवा उपरान्त कंपनी दायत्वों से सेवानिवृत्त कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में मानव संसाधन (सीएसपीटीसीएल) द्वारा आयोजित विदाई कार्यक्रम में एमडी जनरेशन श्री एस.के.कटियार, एमडी ट्रांसमिशन श्री राजेश शुक्ला ने उन्हें कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र, शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक सर्वश्री भीम सिंह कंवर एवं आर ए पाठक ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री आई.एन केथवास ने सेवाकाल मे अधिकारियों से मिले सहयोग व टीमवर्क को अपना सफलता का मूलमंत्र बताया। आपने तीन बार प्रदेश के प्रमुख अदिवासी क्षेत्र सरगुजा में पदस्थ रहते हुये विद्युत विकास कार्यो को गति प्रदान की। उनकी सबसे बडी सफलता विद्युत उपभोक्ताओं की पूर्ण संतुष्टि है। वर्ष 1988 में जॉजगीर चापा में पदस्थ श्री कैथवास को आज भी वहां के उपभोक्तागण विद्युत समस्याओं के लिए संपर्क करते है। यह उनके कुशल प्रबंधन एवं उपभोक्ता सेवाओं को प्रमाणित करता है।

कंपनी प्रबंधन एवं समस्त विद्युत विभाग द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर सेना का अपमान किया : राहुल गांधी

भिंड (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेना में लागू की गई अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर करारा हमला बोला है।

मध्य प्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना के जरिए मोदी सरकार ने देश की सेना का अपमान किया है। यहां से लोग सेना में सबसे ज्यादा जाते हैं। मोदी सरकार ने दो तरह के सैनिक बना दिए। एक को पेंशन मिलेगी, कैंटीन मिलेगी, अच्छी ट्रेनिंग मिलेगी और दूसरा जवान जिसको न तो कैंटीन मिलेगी, न पेंशन मिलेगी और न ही अच्छी सैलरी मिलेगी। एक को अग्निवीर कहते हैं दूसरा सामान्य जवान होता है। एक को शहीद होने पर सुविधाएं दी जाएगी, दूसरे को शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा।

कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत्-प्रतिशत मतदान करने हेतु व्यापारियों से आग्रह किया : अमर पारवानी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप जी ने कैट एवं युवा टीम के 100 से अधिक पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में शत्-प्रतिशत मतदान हेतु दिलाई शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की। बैठक में कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह किया गया।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि बैठक में कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह किया गया।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरणों का चुनाव हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव दिनांक 7 मई 2024 दिन मंगलवार को होने जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल लिया हैं उन्होने आगे कहा कि जैसे कि हम व्यापारियों ने विधानसभा चुनाव में मतदान हेतु बढ चढ कर अपना योगदान किया था। ठीक उसी प्रकार इस बार लोकसभा चुनाव 2024 में भी अपना योगदान करना हैं। कैट प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह करती है। कि पहले मतदान फिर दुकान, आप सभी से निवेदन है कि आप सबसे पहले अपना वोट, फिर अपने परिवार का वोट, अपने कर्मचारियों का वोट, उनके परिवार का वोट, अपने पडोसियों का वोट एवं अपने दुकान के आस-पास के लोगो का वोट करायेगे उसके बाद ही अपने व्यापार को स्टार्ट करेगें। हम प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों ने इस लोकसभा चुनाव में शत: प्रतिशत मतदान का करने का संकल्प लेते है। -शेष पेज 5 पर

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, बुधवार 01 मई 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में श्रमिकों का करेंगे सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। एक मई को श्रम दिवस के अवसर पर गांधी चौक, रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय श्रमिकों का सम्मान करेंगे। ये वो श्रमिक हैं जो गांधी चौक रायपुर में दशकों से रोजाना इकट्ठा होते हैं, जहाँ वो अपने काम-काज की तलाश में ग्रामीण अंचलों से पहुंचते हैं। इस स्थान का ऐतिहासिक महत्व है। श्रम दिवस के अवसर पर इन्हीं मेहनतकश श्रमिकों का सम्मान श्री साय करेंगे। कार्यक्रम का समय सुबह साढ़े नौ बजे निर्धारित किया गया है।

डॉ. रमेश कुमार मोहंती ने उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यभार ग्रहण किया

रायपुर (विश्व परिवार)। डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं सत्यापन), बैंक ऑफ बड़ौदा, छत्तीसगढ़ में कार्यभार ग्रहण किया। वे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पटना अंचल से स्थानांतरित होकर आए हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में वे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों में कार्यरत रहे हैं और साथ ही साथ बैंकिंग में उनका 31 वर्षों का वृहद कार्य अनुभव रहा है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने पश्चिम बंगाल, गुजरात, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

पुलिस महानिरीक्षक ने ली रेंज स्तरीय सायबर अपराधो के रोकथाम के लिए बैठक

दुर्ग (आरएनएस)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के द्वारा अपने कार्यालय के सभागार में मंगलवार को रेंज के सायबर नोडल सहित प्रभारी एवम सायबर सिस्टम एडमिन की बैठक ली गई। बैठक में जिला दुर्ग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, सुश्री ऋचा मिश्रा, डीएसपी हेम प्रकाश नायक, प्रशिक्षु आईपीएस श्री चिराग जैन, बेमेतरा से ज्योति सिंह, बालोद से एएसपी अशोक जोशी, डीएसपी देवांस सिंह राठौर, दुर्ग रेंज कार्यालय से शिल्पा साहू एवम जिलों के साइबर सेल प्रभारी एवम सिस्टम एडमिन उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर में ही किया मतदान

पुष्पगुछ भेंटकर एवं केक कटवाकर मतदाताओं का किया अभिनंदन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में आज से दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया। दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल चौहान के मार्गदर्शन में जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चिन्हांकित 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। जिले के सबसे अधिक उम्र की महिला मतदाता 100 वर्षीय रामसागर पारा भाटापारा निवासी बिसाहिन साव ने वोट डालकर लोकतंत्र में अपना अमूल्य सहभागिता प्रदान करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें वोट डालकर कहा कि घर में ही वोट डालने से मोला बने लागत हे पर ऐ दारी बैलेट पेपर में बहुत झन प्रत्याशी हावे। उसी तरह ग्राम अमेरा निवासी 88 वर्षीय जानकी बाई पटेल ने होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल को घर में पहुंचने पर प्रसन्नता जाहिर की। इसी तरह ही जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम सर्वा निवासी दिव्यांग विशेश्वर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि पहले मतदान करने के लिए उनके परिवार के सदस्य मतदान केन्द्र ले जाते थे। उन्होनें कहा कि मतदान दल घर में आने से बहुत अच्छा लगा। जिससे बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का मौका मिला। उनके परिवारजनों ने भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेल निवासी दिव्यांग मिलन कलार ने पहली बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होनें कहा कि अगर मतदान केन्द्र के माध्यम से वोट देने जाता तो मतदान केन्द्र तक घर के किसी सदस्य के सहयोग से ही जा पाता। निश्चित ही इससे अन्य लोगों को कठिनाई महसूस होती है एवं लाईन लगाकर लम्बे इंतजार करना पड़ता है। भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से मुझे घर पर ही मतदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इसी तरह ग्राम बाघमाड़ा सोनाखान निवासी 75 वर्षीय दिव्यांग निलाम्बर पटेल ने घर में होम वोटिंग के लिए मतदान दल पहुंचा तो उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होनें कहा कि घर पर मतदान करना बहुत सुविधाजनक रहा और सुखद अनुभूति रही।

जिला मुख्यालय स्थित आजाद चौक निवासी 85 वर्षीय श्रीमती रामप्यारी ठाकुर ने पोस्टल बैलेट के जरिए पहली बार मतदान किया। उनके बेटे श्री भोला ठाकुर ने कहा ये अच्छी व्यवस्था है उम्र के साथ ही मां अब कमजोर हो गई है। पहले मतदान केंद्र में जाने से लंबी लाइन में भी लगना होता है और समय भी अधिक लगता है। निर्वाचन आयोग द्वारा यह व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है। इसी तरह जिला मुख्यालय के ही वॉर्ड नंबर 6 निवासी 95 वर्षीय बुजुर्ग हमीद बैग ने उत्साह के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान स्वयं दोनो के घर में उपस्थित रहे है। साथ ही श्रीमती रामप्यारी ठाकुर एवं हमीद बेग को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इसी तरह अन्य टीमों द्वारा कही पर पुष्पगुछ भेंटकर केक काटकर, फल भेंटकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर मतदाताओं का अभिनंदन किया। साथ ही लोकतंत्र के उत्साह में भाग लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

रायपुर रेल परिवार के 22 सदस्य दिनांक 30 अप्रैल 2024 को हुए सेवानिवृत्त

रायपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 22 सदस्य (16 सामान्य एवं 06 असामान्य) अप्रैल 2024 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए। इस समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी (श्रीमतीनिकिता अग्रवाल), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (श्री विजय कुमार शर्मा), सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 22 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 04, विद्युत विभाग से 02, इंजीनियरिंग विभाग से 08, परिचालन विभाग से 03,चिकित्सा विभाग 02, संकेत एवं दूरसंचार विभाग 01एवं वाणिज्य विभाग से 02कर्मचारी शामिल है।

रेलवे इंस्टिट्यूट (खारुन रेल विहार) में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई।इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। (ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 7,11,79,474/- का भुगतान किया गया)। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल आदि दिनांक 30/04/2024 को प्रदान किया गया। सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी।अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : कलेक्टर ने सुविधा केंद्र का लिया जायजा, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिये निर्देश

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में मतदानकर्मियों के लिए डाक मतपत्र हेतु स्थापित सुविधा केन्द्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष क्रमांक 03 में बनाये गए रायपुर व जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केंद्र में मतदाताओं की अधिक संख्या होने पर उनके सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल कक्ष क्रमांक 58 में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर - चाम्पा अन्तर्गत आने वाले मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र को शिफ्ट कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने पोस्टल बैलट के सहायक नोडल अधिकारी को दोनों कक्षों में सरल व सहज रुप से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मतपत्र, आरओ की सील, फॉर्म 12, डाक मतपत्र लिफाफा आदि की ठीक से जांच करने व सावधानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान के लिए कतार में लगे मतदानकर्मियों को भी अनुशासन व संयम बनाये रखते हुए कक्ष में 2-2 की संख्या में प्रवेश करने कहा ताकि कक्ष में अनावश्यक भीड़ न हो। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर. दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी. के. जाटवर, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार**, रायपुर में निर्मित **भवन क्रं. एल.आई.जी.-195, (1) श्री मुकेश कुमार पंसारी (2) श्री मनोज कुमार पंसारी दोनों के पिता श्री रोशन लाल पंसारी,** के संयुक्त नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रं. 4239 दिनांक **05.10.2006** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटियों द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **25.03.2011** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। सह आबंटी **श्री मनोज कुमार पंसारी पिता श्री रोशन लाल पंसारी** द्वारा इस कार्यालय का पत्र क्रं. **454** दिनांक **21.02.2022** द्वारा अपने एकल नाम पर विक्रय अनापत्ति प्राप्त कर दोनों आबंटियों द्वारा दिनांक **12.08.2022** को क्रेता **श्री सुन्दर लाल रत्नाकर पिता श्री अशोक कुमार रत्नाकर** के नाम पर विक्रय कर दिया गया है, जिसके संबंध में इस कार्यालय में दोनों आबंटियों द्वारा शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री सुन्दर लाल रत्नाकर पिता श्री अशोक कुमार रत्नाकर** द्वारा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11128/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11128
वार्ड का नाम- 47 - सिविल लाईन वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342D00606** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMI DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MELLHARAM CHANDANANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. तन्मय चंदनानी 2. मोहित चंदनानी 3. पूजा चंदनानी 4. संजय चंदनानी 5. विनोद चंदनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. लक्ष्मणदास चंदनानी 2. स्व. ईश्वरदास चंदनानी 3. स्व. ओमप्रकाश चंदनानी एवं 4 व 5 दोनों पिता स्व. मेन्हुराम चंदनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10867/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10867
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220K00008** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHANKAR LAL KHUBCHANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GANESALAL** के नाम से दर्ज है, जिसको **1. श्रीमती कंचन शंकरलाल खुबचंदानी - पति स्व. श्री शंकरलाल खुबचंदानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. दीपेश खुबचंदानी 3. निखिल खुबचंदानी दोनों पिता - स्व. शंकरलाल खुबचंदानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11059/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11059
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00334** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KANTA BAI BEVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHYAM LAL KHILNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री विजय कुमार खिलनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री श्याम लाल खिलनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11041/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11041
वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436L00094** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NARESH JETHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAJAN DAS JETHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती राखी काबरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री पुनीत काबरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10951/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10951
वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436L00095** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR JETHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAJAN DAS JETHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती राखी काबरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री पुनीत काबरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

।। दावा आपत्ति सूचना ।।

क्रं. / 356 / राज.वि. / नामां. / 2024
कुम्हारी, दिनांक 30/04/2024

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को क्रय-विक्रय किया जाकर नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर लिखित में नगर पालिका कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भवन/भूमि नामांतरण संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता- श्री इंद्रजीत सिंह पिता श्री करतार सिंह, वार्ड क्रं.-19, खारून ग्रीन्स कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
हस्तांतरिती का नाम व पता-
श्रीमती रूखमणी साहू पति श्री ओमप्रकाश साहू, वार्ड क्रं.-19, खारून ग्रीन्स, कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)।
भवन/भूमि का विवरण- खसरा क्रं.-23/1, नीलगिरी एम.आई.जी. 33, क्षेत्रफल 1622 वर्गफीट, खारून ग्रीन्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड क्रं.-19, कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)।
नामांतरण का आधार-
विक्रय विलेख के आधार पर।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर-चाम्पा एवं लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 08 रायपुर अन्तर्गत आने वाले मतदान कर्मियों के लिए सरल व सुगम रूप से पोस्टल बैलट से मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान के निर्देशानुसार जिला अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा में सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इन सुविधा केंद्रों में मतदानकर्मी तय समय पर पोस्टल बैलट से मतदान कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-43 बिलाईगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 44 कसडोल के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल में सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 45 बलौदाबाजार अंतर्गत आने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक-3 में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा में स्थापित की गई है। डाक मतदान 29 एवं 30 अप्रैल तथा 01 मई को प्रातः 11बजे से अपरान्ह 5 बजे तक कर सकेंगे।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, **सेजबहार/दतरेंगा,** रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-71, श्री अभिषेक कुमार सिन्हा पिता श्री केशव राम सिन्हा,** के नाम पर इस कार्यालय के नाम दर्ज आदेश क्रमांक 74 दिनांक **23.04.2024** के माध्यम से नामांतरित किया गया है। नामांतरी द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती सुलोचना देवी पति श्री सत्यनारायण वैष्णव,** निवासी- एल.आई.जी.-71, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **22.07.2019** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्रीमती सुलोचना देवी पति श्री सत्यनारायण वैष्णव** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र.-174 श्री सुमित अग्रवाल पिता श्री प्रदीप अग्रवाल निवासी- एम.आई.जी.-07, मोती नगर बोरिया रोड़ एम.बी. आटा चक्की रायपुर तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.),** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक-790 दिनांक **27.01.2009** के माध्यम से आबंटित है। आवासीय फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में **स्वयं उपस्थित होकर** लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11126/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11126
वार्ड का नाम- 47 - सिविल लाईन वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **47** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342D00606** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMI DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MELLHARAM CHANDANANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **लक्ष्मणदास चंदनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. मेल्हुराम चंदनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./11143/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11143
वार्ड का नाम- 35 - पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **35** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A00090** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MUSHTARI BEGUM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAFIQUE HUSAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद हसनैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मरहुम रफीक हुसैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11066/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11066
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223L00112** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GOVARDHAN DAS JASWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NEMAN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री कमलेश कुमार जसवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता स्व. श्री रावल दास जसवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10850/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10850
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **28** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235C0240A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KANHIYA LAL THARWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BHAWAR DAS THARWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **1. श्रीमती रेखा थारवानी- पति स्व. कन्हैयालाल थारवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्री रोहित थारवानी- पिता स्व. कन्हैयालाल थारवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10868/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10868
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00368** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAIPUR POWER AND STEEL LTD.** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको **1. श्री अशोक कुमार लाहोटी पिता- श्री हनुमान दास लाहोटी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्री गिरीश कुमार लाहोटी पिता- श्री हनुमान दास लाहोटी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10890/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 30-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10890
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220F00062** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. DURGA JANGHEL W/O VISHNU JANGHEL, SMT. LAXMI JANGHEL W/O LATE BUDHRAM JANGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SMT. DURGA JANGHEL W/O VISHNU JANGHEL, SMT. LAXMI JANGHEL W/O LATE BUDHRAM JANGHEL** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती लक्ष्मी बाई जंघेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री बुधराम जंघेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर बुधवार 01 मई 2024

सांसद ज्योत्सना महंत ने जिस एक गांव को गोद लिया, वही गर्मियों में प्यास से बेहाल कचरे में पड़ा सिसक रहा है

खस्ताहाल सड़क, कचरे और गंदगी में पड़ा गांव, शायद गोद लेने के बाद से नहीं पड़े सांसद ज्योत्सना महंत के चरण

बारिश में कीचड़ और गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, फोटो खिंचाकर गायब हुई सांसद को मदद के लिए 5 साल ढूंढ़ते रह गए लोग

कोरबा(विश्व परिवार)। गांवों को गोद लेकर शहर की तरह बनाने का सब्जबाग दिखाने वाली सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने दोबारा उनकी ओर पलट कर नहीं देखा। तस्वीरें खिंचवाकर खुद का गुणगान करने का मौका ढूंढने वाली निष्क्रिय सांसद ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र का एक गांव गोद ले लिया। गांव सुधार का जिम्मा तो उठा लिया पर इस मौके की फेटो खिंचवाने के बाद से सांसद ज्योत्सना के चरण उधर न घूमे। आलम यह है कि गांव में रहने वाले कई ग्रामीण खुद ही नहीं जानते कि वह सांसद कौन हैं, जिन्होंने खुद को उनका पालक घोषित कर बेसहारा छोड़ दिया है। गांव में जहां बारिश के मौसम में गलियां कीचड़ से सराबोर रहती हैं, वर्तमान गर्मी के सीजन में लोग पानी की कमी के चलते प्यास से बेहाल देखे जा सकते हैं। गांव कूड़ा करकट और गंदगी में पड़ा सिसक रहा है। खस्ताहाल सड़कों में ग्रामीणों के पैर छालों से लबरेज हैं। अब आप ही सोचिए कि पांच साल से इंतजार कर रही जनता भला अपनी बेपरवाह सांसद से आगे और क्या उम्मीद कर सकती है, जो दोबारा उन्हें अपना कीमती मत देकर अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मारने की गलती दोहराए। आपको बता दें कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की मौजूदा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने पांच साल के अपने कार्यकाल में वैसे तो दो-दो गांव गोद लिए, पर किसी एक की भी दशा न सुधार सकीं। यहां आज भी खासकर गर्मी के मौसम में नीचे गिर जाने वाले जल स्तर में पानी का भारी संकट महसूस किया जा सकता है। सांसद ज्योत्सना ने जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कटघोरा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम ढुरैना को गोद ले रखा है। इस गांव में पेयजल एक बड़ी समस्या है। गांव के पास कोयला का खदान क्षेत्र है, जिस वजह से जल स्तर में भारी गिरावट आई है। गर्मी में यह समस्या और भी विकट हो जाती है, लेकिन जनता को इसका समाधान अब तक नहीं मिला है। इसके अलावा सांसद की ओर से स्वीकृत किए गए कई विकास कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं। सांसद निधि लोगों की मदद और जन कल्याण के लिए होती है, पर सांसद ज्योत्सना महंत इसका भी उपयोग न तो ठीक से तरह से कर पाईं और जहां हुआ, वहां भी आधी-अधूरी व्यवस्था आज भी देखी जा सकती है।

यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले 230 वाहन चालको से 143600 रुपये समन शुल्क वसूला गया

सरगुजा(विश्व परिवार)। सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे रविवार को जिले के समस्त थाना/चौकियो मे सघन चेकिंग अभियान जारी रखा गया चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले वाहन चालकों, मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने, रेड सिग्नल जम्प करने वाले वाहन चालकों, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, असवैधानिक पार्किंग के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 230 वाहन चालको से 143600 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कार्यवाही के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले 52 वाहन चालको से कुल 15600 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया, मौक़े पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर 13 वाहन चालकों से 3900 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया, रेड सिग्नल जम्प करने वाले 16 वाहन चालकों से कुल 4800 रुपये समन शुल्क किया गया हैं, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी चलने वाले 13 वाहन चालकों से कुल 6500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों से कुल 30000 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, असवैधानिक पार्किंग के मामलो मे 07 वाहन चालको से कुल 3500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले 06 वाहन चालकों से 1800 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

पुलिस में दर्ज मामला रफा- दफा करने ठगा चार लाख, आरोपी जेल दाखिल

कोरबा(विश्व परिवार)। पाक्सो एक्ट के तहत थाना में दर्ज मामला में सेटलमेंट कराने के नाम पर चार लाख ठग लिए। काम नहीं होने पर दो लाख वापस किए और शेष राशि वापस न करते हुए फरार हुए स्वयंभू कांग्रेस नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसकी छह माह से तलाश थी। मामला छह माह पुराना है। पीड़ित मधु निराला ने नवंबर माह में ठगी किए जाने की शिकायत मानिकपुर पुलिस से की थी। इसमें उसने कहा था कि हरदीबाजार थाना क्षेत्र में उसके भाई के विरूद्ध पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। अरशद लारी और साथी लक्ष्मी सिंह को जब घटना के संबंध में जानकारी हुई तब उन्होंने जमानत को लेकर संपर्क किया, साथ ही सेटेलमेंट करा देने के नाम पर चार लाख रुपए ले लिए। लेकिन काम नहीं होन पर रकम वापस करने दबाव बनाया, तो उन्होंने दो लाख रुपए वापस किया। शेष रकम लौटाने में आनाकानी करने लगे। इस पर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। मानिकपुर पुलिस चैकी में पदस्थ एएसई अमर जायसवाल ने बताया कि मधु निराला ने नवंबर 2023 में दोनों आरोपितों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। धारा 388, 420, 34 के तहत कार्रवाई होने की जानकारी मिलते ही दोनों फरार हो गए थे और पुलिस उनकी लगातार तलाश कर रही थी। सूचना मिलने पर अरशद लारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि उसका साथी लक्ष्मी अभी फरार है। अशरद अपने आपको कांग्रेस का नेता बताता है।

मकान मे आग लगने पर मकान मे फंसे पांच लोगों को पुलिस टीम की सूझबूझ से किया गया सुरक्षित रेस्क्यू

सरगुजा(विश्व परिवार)। रविवार देर रात थाना कोतवाली पुलिस टीम कों कुंडला सिटी आवसीय परिसर स्थित एक मकान मे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, आवसीय परिसर मे भयावह आग लगने की घटना की सूचना पर राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौक़े पर पहुंचकर देखा गया जो आस पास के लोगो द्वारा 03 बच्चों सहित कुल 05 व्यक्तियों के मकान मे फ्से होने की सूचना प्राप्त हुई, घर मे आग भयावह रूप धारण कर चुकी थी घर मे फ्से परिवार के सदस्य सभी प्रथम तल मे बचाव का इंतज़ार कर रहे थे, अन्दर जाने के रास्ते के पास एवं सीढ़ी के पास भी आग भयावह रूप से धधक रही थी, जो थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा घर मे फ्से हुए परिवार कों बचाने हेतु सूझबूझ का परिचय देते हुए मकान के पीछे से चढ़कर प्रथम तल का खिड़की ग्रिल तोड़कर अग्निशमन वाहन की सहायता से 03 बच्चों सहित कुल 05 व्यक्तियों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर जान बचाई गई, मौक़े पर आग बुझाने के लिए अग्निशमन की गाड़ी मौजूद थी, जिसकी सहायता से घर मे लगी आग पर काबू पाया गया, स्थिति नियंत्रण मे आने के पश्चात घर मे फ्से लोगो के रहने और ठहरने की व्यवस्था की पूछ परख कर अन्य स्वजन के पास उचित व्यवस्था होना बताने पर पुलिस टीम द्वारा सभी लोगो का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सराहनीय कार्य किया गया हैं। इस सफलता पूर्वक रेस्क्यू मे थाना कोतवाली से उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह शामिल रहे।

सामान्य प्रेक्षक ने ली लोकसभा आम निर्वाचन से संबंधित तैयारियों पर समीक्षा बैठक

नोडल व माइक्रो ऑब्जर्वर बैठक में रहे उपस्थित

सूरजपुर(विश्व परिवार)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक श्री अमित कुमार (आईएएस) ने जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य से संबंधित नोडल और माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक ली। बैठक में उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के परिपालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया की भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कार्य संपादित करें। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन प्रक्रिया की अहम बताते हुए ड्यूटी के दौरान निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश के साथ साथ परिस्थिति अनुरूप स्व-विवेक का इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके साथ ही माइक्रो ऑब्जर्वर को अपने कार्य से भली भांति परिचित होने के साथ साथ रिपोर्टिंग पर फोकस करने की बात कही। निर्वाचन के तहत सौंपे गए दायित्व पर उनके द्वारा विभिन्न इकाई के संबंधित नोडल से क्रमवार जानकारी ली गई। जिसके तहत नोडलो द्वारा उन्हें मैनपावर मैनेजमेंट, प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, इलेक्शन मटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, सी-विजिल, कम्युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी, व्यय अनुवीक्षण और स्वीप गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास द्वारा सामान्य प्रेक्षक को अब तक की गई तैयारी से अवगत कराया गया। उन्होंने सामान्य प्रेक्षक को निर्वाचन के शेडयूल, नियामक एजेंसियों द्वारा किये जा रहें निर्वाचन संबंधित प्रबंधन कार्य के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को टीम वर्क के साथ कार्य करने को कहा जिससे कि निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा सकें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

मतदाताओं को जागरूक करने शहरवासियों में दिखा उत्साह

मानव श्रृंखला, सायकल रैली, दिव्यांग रैली तथा नव वधू सम्मेलन के माध्यम से किया गया जागरूक

स्वीप अंतर्गत हुआ अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत कोरबा के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने स्वीप अन्तर्गत गतिविधियां जिला प्रशासन द्वारा निरंतर संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधू सम्मेलन, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक, फ्लैशमॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस आदि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत सहित जिले सभी अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के आम नागरिकों, युवाओं तथा विद्यार्थियों ने साइकल रैली सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान शहरवासियों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने शपथ दिलाकर सभी को 07 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की। सीएसईबी ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि हमें संविधान से मतदान करने का अधिकार मिला है। हम अपने अधिकारों का प्रयोग करके जैसा समाज व सिस्टम चाहते हैं, देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मतदान अवश्य करना चाहिए। भले ही चुनाव 05 साल में एक बार आता है लेकिन यह हम सभी के लिए बहुत महत्व रखता है। कलेक्टर ने कहा कि शहरी मतदाता भी इसे अपना अधिकार व कर्तव्य मानते हुए घर से बाहर निकलें और अपने पसंद का उम्मीदवार चुनें। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं घर परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें। नगर निगम आयुक्त श्रीमती ममगाई ने कहा कि हम स्वयं मतदान करने के साथ ही घर के सभी मतदाताओं को भी जागरूक बनाएं और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महिला संगठनों को बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से कलेक्टोरेट परिसर से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड तक सायकल रैली निकाली गई।

संक्षिप्त समाचार

2 दिन बाद जिले में शुरू होगा तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य

कोरबा(विश्व परिवार)। बोलचाल की भाषा में ग्रीन गोल्ड कहा जाने वाला तेंदू पत्ता का संग्रहण कार्य कोरबा जिले में 2 दिन बाद शुरू हो जाएगा। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की ओर से इस कार्य को परवान चढ़ाने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले कोरबा और कटघोरा वन मंडल में कुल 12 वन परिक्षेत्र हैं। यहां वर्ष 2024 के सीजन में लगभग 1 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्राथमिक तैयारी मार्च महीने से की जा रही थी। सभी फ्डों मे लघु वन उपज समितियां के माध्यम से इस काम को कराया जाना है। वन अधिकारी ने बताया कि नोडल ऑफ्सिर के अलावा अन्य स्तर पर कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है जो व्यवस्था को देखेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से इस वर्ष प्रति बोरा संग्रहण के लिए 5000 रुपए का समर्थन मूल्य घोषित किया गया है इसलिए भी तेंदू पत्ता संग्रहण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के बावजूद उत्साह बना हुआ है। 1 महीने तक चलने वाले इस काम के लिए जरूरी तैयारी की गई है। जिला लघु वनोपज यूनियन पूरे कामकाज का नियंत्रण करेगी। बताया गया है कि तेंदूपत्ता की गुणवत्ता के आधार पर ही उसके कॉन्ट्रैक्ट सुनिश्चित होते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा कई राज्यों की पार्टियां बीते कई वर्षों से कोरबा जिले में उत्पन्न होने वाले तेंदूपत्ता को लेकर रुचि लेती रही है। कोरबा वन मंडल में न केवल तेंदूपत्ता उपलब्ध है बल्कि कई प्रकार की वनस्पतियां भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराती हैं।

चरित्र संदेह को लेकर पत्नी की कुदाली मारकर हत्या, पति गिरफ्तार

कोरबा(विश्व परिवार)। आदतन शराबी पति ने चरित्र शंका को लेकर धारदार कुदाली से पत्नी पर वार कर दिया। गंभीर रूप से चोट लगने पर पत्नी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारिक जानकारी के अनुसार घटना दीपका थाना अंतर्गत राजीव नगर झाब में रविवार को हुई। यहां फूलसाय भगत अपनी पत्नी ग्लोरिया बाई भगत 48 वर्ष, दो पुत्री रचना भगत 21 वर्ष, एकता भगत 16 वर्ष, दो पुत्र अर्पित भगत 18 वर्ष तथा आयुष भगत सात वर्ष के साथ एक किराए के मकान में निवास करता है। बताया जा रहा है कि फूलसाय शराब पीने का आदी था और अक्सर शराब के नशे में रहता था। बताया जा रहा है कि फूलसाय अक्सर अपनी पत्नी पर चरित्र को लेकर शंका करता था और इसी बात पर दोनों के मध्य विवाद होता था। रविवार को वह नशे की हालत में घर पहुंचा। इस दौरान पुन: दोनों के मध्य विवाद हुआ। इस पर घर में रख कुदाली से उसने पत्नी पर वार कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल ग्लोरिया बाई को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस ने आरोपित पति फूलसाय को गिरफ्तार कर लिया। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पूछताछ में फूलसाय ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। उसका कहना है कि पाप का अंत कर दिया है और उसका कोई पछतावा नही है। बहरहाल मामले में पुलिस ने आरोपित पति के विरूद्ध हत्या का मामला कायम कर अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। हत्या किए जाने से मां नहीं रहीं वही पिता के जेल जाने से चारों बच्चे बेसहारा हो गए।

पत्थलगांव और लोदाम में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

जशपुरनगर(विश्व परिवार)। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर, पत्थलगांव सहित अन्य ब्लॉक और ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर और रंगोली बनाकर मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया। इसी तरह लोदाम में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा शपथ लेकर ग्राम वासियों को स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। इस दौरान सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर बुधवार 01 मई 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

कम मतदान ने भाजपा की परेशानी बढ़ाई

प्रमोद भार्गव

देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदु वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता ने ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संशय बढ़ा दिया है।

लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते है। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनैतिक दल अपने हिसाब से परिभाशित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है। लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुओं के ध्रुवीकरण की रणनीति के चलते फ्लिहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है। लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी है। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होषांगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है। जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशंगाबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले।



दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है। जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं।

बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था। परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रैंड देखने में आए ? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेबारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राश्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया। लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रीमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चैहान को हाशिए पर डालना भी रहा है। जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है। जबकि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उनका करिष्माई नेतृत्व किसी भी क्षेत्र में देखने में नहीं आया है। हालांकि अब नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिवराज को केंद्र में ले जाएंगे।

देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फ्लिहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पलड़ा झाड़ लिया। दूसरी तरफ दलों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने से किनारा कर लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह किनारा इसलिए किया, क्योंकि वे इस अतिविश्वास के शिकार हो गए हैं कि मोदी और राम में लहर बन जाने के कारण भाजपा 400 पार जा रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकर्ता इस गलतफहमी में हैं कि मोदी लहर के चलते उनके दल का पार पाना मुश्किल है। इसलिए उसने मतदाता

सहज तौर पर तलाक दे/ले

रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार न रख पाने वाले दंपति की शादी बंबई हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। अदालत के फैसले के अनुसार दंपति की हताशा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता तथा कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक व मानसिक वजह हो सकती है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। अपने फैसले में उच्च अदालत ने कहा कि शुरुआत में संबंध न बना पाने के लिए उसने अपनी पत्नी को दोषी को ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकारने में असमर्थ था कि वह दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ है। दोनों का विवाह मार्च 2023 में हुआ था, परंतु वे 17 दिन बाद ही अलग हो गए। मामले को फरवरी 2024 में परिवार अदालत ने खारिज कर दिया था। उसका कहना था कि मिली-भगत से तलाक की अर्जी दायर की गई है। पति नहीं चाहता था कि उस पर नपुंसकता का धब्बा लगे। रिलेटिव इंपोटेंसी में कोई शख्स किसी विशेष के साथ दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ हो जाता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न है। यह फैसला तलाक की अर्जी लगाने वाले ढेरों दंपतियों के लिए सुकून की सांस लेन वाला साबित हो सकता है। अपने समाज में अभी भी शादियां टूटने के मामले औसतन बहुत कम हैं। उस पर इस तरह के गोपन आरोप लगाने वाले अपनी सामाजिक तौहीन को लेकर बहुत भावुक हो जाते हैं। ज्यादातर मामलों में उन्हें अपनी चूक या अक्षमता को पचा पाने का नैतिक साहस नहीं होता है। चूंकि अभी भी अमूमन शादियां परिवारों द्वारा निश्चित की जाती हैं, ऐसे में दंपति में सामंजस्य न बैठ पाना, गैरमामूली नहीं कहा जा सकता। हालांकि यदि पति को ऐसा कोई संदेह पहले था तो उसे चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेनी चाहिए। विचारणीय बात तो यह भी है कि जब दोनों आपसी सहमति से विवाह के कायम न रखने को राजी हैं। अगर उनके दरम्यान कोई मतभेद नहीं हैं तो संबंध विच्छेद के मध्य किसी को आने की आवश्यकता नहीं रह जाती। पौरुषहीनता का आरोप जड़ कर संबंध विच्छेद करना, उसकी समूची शख्सियत को छलनी करने सरीखा है। उसे मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक रूप से निर्वस्त्र करने से बेहतर है, सहज तौर पर तलाक दे/ले लिया जाए।

विचार

अल्पसंख्यक श्रेणी का अधिकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करने के संविधान विरोधी प्रयासों पर बड़ा हमला बोला है।

कांग्रेस से सवाल किया है, 'क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेंगे?' 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तो उसने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी आरक्षण को कम कर इस कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था। यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004-2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। मोदी ने अब फिर से आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में लोगों का धन छीन कर अपने 'खास' लोगों को बांटने की साजिश रची है। यह अत्यंत तल्ख टिप्पणी राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी जनसभा में की।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी संपूर्ण सत्य है। एक समय कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की मंशा रही थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा रु ख अपनाते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरु द्ध दायर अपील को खारिज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया? कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह तो कोटे में उपकोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा। दरअसल, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्म के आधार पर' आरक्षण का लाभ संविधान के विरु द्ध बताया था।

वर्तमान में दिसम्बर, 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन केंद्र सरकार ने ओबीसी के कोटे में खास तौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया था। इसे कानूनी रूप देते हुए 'अल्पसंख्यकों से संबंधित' और 'अल्पसंख्यकों के लिए' जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था।

वंचित समुदाय, चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, को बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है क्योंकि बदहाली की सूरत अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती? खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता, आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं, और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालत करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे? यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी।

वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं लेकिन जैन समुदाय केंद्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। दरअसल, 'अल्पसंख्यक श्रेणी' का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है।

विश्व शतरंज में नई भारतीय चुनौती

भारतीय शतरंज के उभरते युवा सितारे दोम्माराजू गुकेश का जन्म 29 मई 2006 को चेन्नई (तमिलनाडु) में हुआ। मार्च 2019 में दोम्माराजू गुकेश विश्व शतरंज के इतिहास में ग्रैंड मास्टर बनने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी रहे। फीडे विश्व रैंकिंग में भारत के सर्वोच्च शतरंज खिलाड़ी भी बन चुके हैं। विश्व कप के दौरान दोम्माराजू गुकेश ने मिस्टराडिन इस्कंदरोव को हराकर 2755.9 की लाईव रेटिंग प्राप्त की। फिर 2758 सितंबर 2023 में इनकी शीर्ष रेटिंग रही। अब 2763 के करीब आने वाली है और विश्व क्लासिकल ओपन वर्ग में नौवें स्थान पर पहुंचे, जबकि विश्वनाथन आनंद 2754 की रेटिंग के साथ दसवें स्थान पर थे। गुकेश ने 17.17 वर्ष की सबसे कम उम्र में 2750 की ईलो रेटिंग पार करने का मैग्नस कार्लसन का 17.34 वर्ष का रिकॉर्ड तोडक़र, पहली बार भारतीयों के नाम किया। फीडे सर्किट सर्कल में शीर्ष स्थान पर रहने वाले दोम्माराजू गुकेश ने इसी बूते वर्ष 2024 में टोरोंटो में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। तेजी से उभरते इस भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी से हर भारतीय शतरंज प्रेमी को, भारतीय शतरंज के उज्ज्वल भविष्य के प्रति बहुत उम्मीदें हैं। गुकेश ने वर्ष 2015 में एशियन स्कूल शतरंज चैंपियनशिप और अंडर-12 आयु वर्ग में वर्ष 2018 में विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप का अंडर-9 वर्ग जीता। अंडर-12 व्यक्तिगत रैपिड और ब्लीट्ज, अंडर-12 टीम रैपिड ओर ब्लीट्ज तथा अंडर-12 क्लासिकल शतरंज के प्रारूप में, वर्ष 2018 एशियाई यूथ शतरंज चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। एशियाई व चेस ओलिंपियाड खेलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 12 साल 7 महीने और 17 दिन की उम्र में ग्रैंड मास्टर बनने वाले भारत के पहले व विश्व के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। फीडे स्वर्ण जयंती वर्ष 2024 में प्रायोजित फीडे कैंडिडेट प्रतियोगिता 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक टोरोंटो में आयोजित हुई। 14 दौर की बाजियां डबल राउंड रोबिन के आधार पर खेली गईं। पूरे विश्व की नजरें कैंडिडेट्स के विजेता पर लगातार बनी रही। पहली बार कैंडिडेट्स ओपन वर्ग के इतिहास में तीन भारतीय युवा शतरंज सितारों ने दस्तक दी और महिला वर्ग में दो भारतीय महिला प्रतिभागियों ने शिरकत की। बेशक कैंडिडेट प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में भारतीय युवाओं को नवोदित खिलाड़ियों के रूप में देखा जा रहा था, मगर जैसे जैसे यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आगे बढ़ती गई, सभी भारतीय खिलाड़ी अपनी छाप विश्व शतरंज पटल पर छोड़ते गए। अभी तक मात्र विश्वनाथन आनंद ही कैंडिडेट्स तक पहुंच कर, कई बार विभिन्न शतरंज खेल प्रारूपों में विश्व चैंपियन बने। मगर फीडे के आधिकारिक सौवें साल में एक नया भारतीय सितारा विश्व शतरंज प्रेमियों को देखने को मिला। भारत के लिए ये लम्हे गर्वित करने वाले हैं कि 17 वर्षीय दोम्माराजू गुकेश विश्व शतरंज कैंडिडेट के इतिहास में सबसे युवा विजेता खिलाड़ी बने। डी. गुकेश दूसरे भारतीय व विश्व के प्रथम युवा खिलाड़ी बने कैंडिडेट्स प्रतियोगिता को जीतकर। विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर भी बने। डी. गुकेश ने 40 वर्ष पुराने इतिहास को बदल कर एक नया इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के दौरान डी. गुकेश ने अपनी 14 दौर की बाजियों में पहली बाजी भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती से ड्रॉ खेली। दूसरी बाजी भारत के एक और युवा सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से जीती। तीसरे दौर की बाजी में पूर्व दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोमिनियाची को बराबरी पर रोका। चौथी बाजी अमरीका के फाबियानो कारूआना के साथ बराबरी पर रोकी। पांचवें दौर में गुकेश ने निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की। छठे दौर में अमरीका के हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए ड्रॉ खेला। मात्र एक हार गुकेश को प्रतियोगिता के सातवें दौर की बाजी में अलीरेजा फिरोजा से मिली। इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने आठवें दौर की बाजी में विदित गुजराती को हरा दिया। नवें दौर की बाजी भारतीय सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से ड्रॉ की। दसवें दौर की बाजी भी इयान नेपोमिनियाची से ड्रॉ खेली। ग्यारहवें दौर की बाजी फाबियानो कारूआना से ड्रॉ की। बारहवें दौर में पुन: निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की और 13वें दौर की बाजी में अपनी हार का बदला लेते हुए अलीरेजा फिरोजा को हराकर शीर्ष बढ़त कायम कर ली। अंतिम व चौदहवें दौर में हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए नौ अंक अर्जित करके प्रतियोगिता के निर्विवाद विजेता बने। हालांकि सभी भारतीयों ने ओपन वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और कई बड़े उलटफेर करते हुए विश्व शतरंज जगत को चकित किया। भारत से जन्मे इस खेल में पुन: भारत शीर्ष की ओर अग्रसर हो रहा है। वहीं महिला वर्ग में पहली बार दो भारतीय महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी व आर. वैशाली ने शिरकत करते हुए, अपने शानदार खेल से विश्व जगत को चकित किया और संयुक्त रूप से प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहीं। एक बात इस कैंडिडेट्स प्रतियोगिता से स्पष्ट सामने आई है कि यदि प्रारंभिक स्तर पर युवाओं को इस खेल से जोड़ा जाए तो परिणाम हमेशा सार्थक ही आएंगे। अत: इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद भारतीय शतरंज महासंघ व सभी राज्य संघों को बुनियादी स्तर पर अधिक सक्रियता से कार्य करने की आवश्यकता है। युवाओं में सीखने की क्षमता वयस्कों से कहीं अधिक भी हो सकती है।

अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़ते राहुल गाँधी ?

प्रभुनाथ शुक्ल

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहाँ पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवत: सच यह है कि अभी राहुल गाँधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फ्लिहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गाँधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़े। कार्यकर्ताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का भय भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए कांग्रेस में संगठन या फिर गाँधी परिवार का फैसला सर्वमान्य है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रहीं है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस पार्टी के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है।

लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गाँधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गाँधी संसद पहुँचती रहीं हैं। जहाँ तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही है। यह अलग बात है कि अमेठी से भजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफ्ल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अच्छी तरह मालूम है कि भाजपा का विकल्प कांग्रेस ही है। हम चाहते हुए भी कांग्रेस का अस्तित्व नहीं मिटा सकते हैं। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। क्योंकि गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। क्योंकि राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता।

दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह राजनीति के विश्लेषण का विषय। लोकतंत्र में जय पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। क्योंकि यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से श्रीमती इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा। कांग्रेस विरोधी लहर में राज नारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गई। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह सीट कांग्रेस के हाथ से छीन गई। लोकतंत्र में हमेशा प्रयोग का विकल्प खुला रहता है। रायबरेली ने उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर चुनकर दिल्ली भेजा। इसलिए हार जीत के डर से चुनाव न लड़ना गांधी परिवार की राजनीतिक कमजोरी होगी।

उत्तर प्रदेश बड़ा हिंदी भाषी राज्य है। गांधी परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश से आता है। उत्तर प्रदेश से ही उसकी राजनीतिक शून्यता बौद्धिक राजनीति का संकेत नहीं देती। गांधी परिवार के लिए रायबरेली और अमेठी अहम सीट रही है। यहां की जनता ने इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, राजीव गांधी और राहुल गाँधी के नेहरू जी को अनगिनत बार दिल्ली भेजा और प्रधानमंत्री का ताज़ पहनाया।अमेठी और रायबरेली गांधी परिवार की विरासत के रूप में जानी जाती है। यहां की जनता ने गांधी परिवार को बहुत सम्मान दिया है। रायबरेली में कांग्रेस 1952 से लेकर अब तक 17 बार जीत दर्ज कर चुकी है। लेकिन सोनिया गांधी की तरफसे सक्रिय राजनीति से अलविदा होने के बाद इस सीट पर गांधी परिवार को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी नहीं मिल पा रहा है। सियासी टिप्पणियों और आलोचना से बाहर निकलकर प्रियंका और राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतरना चाहिए।

राहुल गांधी को अमेठी की जनता ने भरपूर स्नेह और सम्मान दिया है। 2004 में राहुल गांधी पहली बार अमेठी से चुनाव लड़े और तीन बार सांसद चुने गए।2019 में उन्होंने वायानाड और अमेठी दोनों से चुनाव लड़ा, लेकिन अमेठी में स्मृति ईरानी के सामने उन्हें पराजित होना पड़ा। हालांकि वायानाड की जनता ने उन्हें सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। इस हालात में राहुल गांधी के सामने उत्तर और दक्षिण का पेंच फंसा है। दक्षिण में बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस अधिक मजबूत स्थित में है। जबकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। ऐसी विषम स्थिति में राहुल गांधी वायनाड को वरियता देते हुए देखे जा सकते हैं। यह भी सच है जब मोदी लहर में अमेठी ने उन्हें नाकारा तो वायनाड ने गले लगाया। राहुल और प्रियंका गांधी को लगता है कि अगर भाई-बहन चुनावी जंग में अमेठी और रायबरेली से उतरते हैं तो पार्टी के प्रचार की कमान वे नहीं संभाल पाएंगे। जिसकी वजह से पार्टी को नुकसान हो सकता है। क्योंकि दोनों ही पार्टी के स्टार प्रचारक है। यह बात उनकी कुछ हद तक सही भी हो सकती है। लेकिन अमेठी और रायबरेली को लावारिश छोड़ना भी यहाँ की जनता का अपमान होगा और गांधी परिवार की यह सबसे बड़ी सियासी भूल होगी। विपक्ष राहुल और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने को लेकर चाहे जो भी नैरेटिव गढ़े लेकिन जंग छोड़कर भागना उचित नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर ध्वजारोहण की पत्रिका का विमोचन किया

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शाल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया गया व पत्रिका व श्रीफल से मुख्यमंत्री जी को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने मुख्यमंत्री साय जी को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी गई, साय जी ने जैन गौशाला हेतु हरसंभव मदद की बात कही।

मुख्यमंत्री को जैन गौशाला की स्थापना की जानकारी दी, हरसंभव मदद का आश्वासन

शीघ्र जांच से 500 से अधिक प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी की पहचान संभव

रायपुर (विश्व परिवार)। प्राथमिक रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी की वजह से होने वाले इंफेक्शन और रोगों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय सीएमई आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने 500 से अधिक प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी के नियंत्रण के लिए शीघ्र जांच करने और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने पर जोर दिया। एन इनसाइट इनटू प्राइमरी इम्युनोडेफिसिएंसी डिसआडर्स विषय पर बायोकैमिस्ट्री विभाग के तत्वावधान में आयोजित सीएमई का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी एक चुनौती है जिसके निदान के लिए डेटा रजिस्ट्री की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों की जानकारी और उनके निदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्ट्री बनाए जाने की आवश्यकता होती है जिससे डेटा एकत्रित कर शोध और अनुसंधान किया जा सके। विभागाध्यक्ष डॉ. एली मोहपात्रा ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता के पूर्णत: कार्यशील न होने या अनुपस्थित होने की स्थिति में रोगियों को 500 प्रकार की प्राइमरी इम्यूनोडेफिसिएंसी हो सकती है जिनमें कई गंभीर भी हो सकती हैं। इससे रोगी को दुर्लभ बीमारियां भी हो सकती हैं।

मुनि श्री प्रभवसागर जी महाराज ने बताया

किए गए कार्यों से कर्मों का आश्रव बंध, संवर और निर्जरा होती है

बांसवाड़ा (विश्व परिवार)। पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी बाहुबली कालोनी बांसवाड़ा में सहित विराजित हैं आज नगर के मंदिरों के संघ सहित दर्शन किए। समाज प्रवक्ता महेंद्र अनुसार धर्म सभा में प्रवचन में मुनि श्री प्रभव सागर जी ने प्रवचन में बताया कि द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव परिणाम अनुसार पुण्य और पाप की प्राप्ति होती है। वर्तमान में श्रेष्ठ मनुष्य भव, जैन कुल पुण्य से मिला है अब जो कार्य करेंगे उससे कर्मों का आश्रव, बंध संवर और निर्जरा होगी। पिछले भव के कर्मों के उदय में आने से उसका फल पुण्य या पाप मिलता है इसलिए परिणाम और भाव अच्छे रखकर संत समागम करें। मुनि श्री मुमुक्षु सागर जी ने प्रवचन में बताया कि जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। भक्त भगवान से प्रार्थना करता है कि मैं दुखी हूं, शांति और समता मुझे नहीं मिली है। सभी को यह चिंतन करना चाहिए कि वह क्यों दुखी हैं असार संसार में सभी जन्म जरा रोग से दुखी हैं कोई भी सुखी नहीं है समाधान तभी मिलेगा जब आप अनमोल धर्म को धारण करेंगे। धर्म धारण करने से जीवन सुखी होता है मनुष्य राग द्वेष भोग कषाय पाप और कर्मो कारण दुखी है। संयम और धर्म धारण करने से पुण्य रूपी संपदा मिलती है।

मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम की समाज सेविकाओं ने सृष्टि भूषण माता जी का लिया आशीर्वाद

टीकमगढ़ (विश्व परिवार)। मातृशक्ति संगठन एक गैर राजनीति के गैर अनुदान प्राप्त, सामाजिक संस्था है जो विगत 12 सालों से सामाजिक क्षेत्रों में कार्य कर रही है वर्तमान में टीकमगढ़ का एक मात्र वृद्ध आश्रम मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम को संचालित कर रही है।

जिसमें वृद्ध माता-पिता को सभी सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश के साथ संगठन गरीब बच्चों के इलाज, दिव्यांग बच्चों के क्षेत्र में कार्यरत है,गरीब बेटियों के विवाह, पर्यावरण और गौ संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, उक्त मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम को संचालित करने वाली समाजसेविकाओ ने 105 सृष्टि भूषण माता जी के पपौरा जी मे दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मुख्यत: उपस्थिति श्रद्धा चौहान, मधु मिश्रा, शारदा नायक, किरण शर्मा रचनाभाई, सीमा पटेल, ज्या बुंदेला, शिवांगी पाठक, पिंकी बत्रा, रेखा नायक, स्वाति सिंह गौर, संध्या दुबे, सरिता तिवारी, संध्या सोनी, बर्षा लोहिया जहां उपस्थित रही।

साथ भूमिपुत्र पवनघुवारा ने विस्तार से जानकारी मे बताया किपरम पूजनीय जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका105 सृष्टि भूषण माताजी आप में वही सरलता वात्सल्य सभी के प्रति रहती है। चाहे व्यक्ति किसी वर्ग से हो।आपके लिए सब समान हैं सर्वोपरि। आपके द्वारा महानगर दिल्ली समेत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी झारखंड, सिद्ध क्षेत्र सोनागिर जी मध्य प्रदेश, अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी राजस्थान मैं भक्तों के सहयोग से श्री सृष्टि मंगलम फाउंडेशन ऐसी संस्थाओं की स्थापना करवाई। जिसके माध्यम से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो सके। आपके आशीर्वाद से एवं निर्देशन में जगह जगह निशुल्क भोजनालय खुलवाए गए। छात्रवृत्ति शिक्षण शिविर, संस्कार शिविर, पूजन विधान शिविर, वस्त्र वितरण ट्राई साइकिल बैसाखी कानों की मशीन सिलाई मशीन कंबल निशुल्क दवाइयों के वितरण के साथ साथ असहाय गरीब लड़कियों की शादी करवाना एवं साथ-साथ बेरोजगार परिवारों को कार्य दिलवाने के कार्य किए जा रहे हैं।

इन सभी कार्यों के मध्य आप का चिंतन होना। असाध्य एवं अर्थ उपेक्षित व्याधियों जिनका उपचार तो है। कैंसर और थैलेसीमिया जैसी दो बड़ी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए आप की प्रेरणा से श्री आदि सृष्टि कैंसर ट्रस्ट का गठन हुआ। पिछले कई दशकों से कैंसर पीड़ित व्यक्तियों, दिव्यांगजन, अनाथ बच्चों की शिक्षा एवम् महिला रोजगार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक महा अभियान चला कर सृष्टि के मानव ग्रह भारतीय भू-वसुंधरा का संताप हरण कर रहीं हैं। कैंसर पीड़ितों एवं गरीबों की सेवा के लिए सृष्टि भूषण माता श्री का योगदान अंतरराष्ट्रीय ख्याति का है। जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी को मानव कल्याणार्थ किए गए अति विशिष्ट कार्यों के लिए International News And Views Corporation द्वारा मानव रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया है। आर्यिका श्री विश्वयश माता जी अपने साथ जुड़े लाखो भक्तों को एक ही सन्देश दिया है-

''मेरा तो है बस एक ही सपना,
स्वस्थ सुखी हो जीवन सबका''

-पवन 'घुवारा'

खतरगच्छ एवं जैन दर्शन सिद्धांतों पर आधारित फिल्म द लिगेशी आफ जिनेशवर का प्रदर्शन

जय जिनेंद्र ग्रुप एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के पदाधिकारी फिल्म के प्रदर्शन में कर रहे सहयोग

दुर्ग (विश्व परिवार)। खरतरगच्छ आचार्य भगवंत श्री जिन पीयूष सागर सूरीश्वर जी महाराजा के सदप्रेरणा से अभिषेक जी मालू सिवनीं ने द लिगेशी आफ जिनेशवर फिल्म का निर्माण कर खतरगच्छ के इतिहास को दिखाने का प्रयास किया जिसे जैन समाज के लोग जैन दर्शन पर बनी फिल्म को बेहद पसंद कर रहें हैं।

जैन सिद्धांतों के मूल्य पर आधारित फिल्म एक बड़े लंबे अरसे बाद श्री खरतरगच्छ सहस्त्राब्दी महोत्सव द्वारा जैन धर्म को केंद्रित करते हुए द लिगेसी आफ जिनेश्वर फ़िल्म वनाई गई है जिसमे भगवान महावीर की शिक्षा को दर्शाया गया है। किस प्रकार भगवान आदिनाथ से भगवान महावीर की विरासत को वर्धमान सूरी ने आगे बढ़ाया है, संयम के लिये भौतिकवाद को त्याग दिया उन्होंने दीक्षा ली और आत्म-नियंत्रण का उपदेश दिया।

2 मई 2024 को संध्या 6:15 बजे जैन समाज के लोगों के लिए तरुण ऐडलेप्स में दिखाई जा रही है इनकी टिकिट के लिए दिलीप गोगड़ चुन्नीलाल जैन गौतम कोठारी महेंद्र दुग्गड कमल लूनिया सतीश मारोटी से संपर्क कर अपनी टिकट बुक करा सकते हैं। आज पुरे भारत वर्ष में यह फ़िल्म देखी जा रही है और लोगो द्वारा खूब सराही जा रही है। जैन धर्म पर आधारित फिल्मों में यह आज तक कि सबसे बेहतरीन फ़िल्म है। फ़िल्म का हर सीन हर किरदार आपको फ़िल्म से जोड़े रखता है जैन धर्म के सभी लोगो से गुजारिश जिन्होंने यह फ़िल्म अब तक नही देखी हो, कृपा करके अपने नजदीकी सिनेमा में जाकर इस फ़िल्म को अवश्य देखें।

जैन समाज के लोगों ने फ़िल्म के निर्माता निर्देशक श्री मालु को बधाई देते दी जिन्होंने ऐसी शानदार फ़िल्म की कहानी लिखी एवं भविष्य में भी आप इस तरह की कहानी लिखकर समाज के अंतिम वर्ग तक जैन धर्म की कहानियों को लोगो के समक्ष लेकर आए जिनशासन की सेवा में आपका यह उत्कृष्ट योगदान हम सभी के लिए अनुकरणीय रहे ऐसी भावना व्यक्त किये

जय जिनेंद्र गुरुप के एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति पदाधिकारी ने इस फिल्म की प्रशंसा करते हुए जैन समाज के सभी लोगों से इस पिक्चर को देखने का आह्वान किया है। **-नवीन संचेती**

भक्तामर बाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज का आगमन 2 मई को

विदिशा (विश्व परिवार)। गणाचार्यविरागसागर जी महाराज के शिष्य भक्तामर बाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध जीवन है पानी की बूंद के रचयिता आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज जिनका 2023 का चातुर्मास मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ था वंहा से मंगलविहार करते हुये धर्म नगरी विदिशा की ओर उनका आगमन हो रहा है जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य श्री संघ की रविवार की आहार चर्या राहतगढ़ में संपन्न हुई 29 अप्रेल सोमवार को बागरोद में तथा 30 अप्रेल मंगलवार को ग्यारसपुर में तथा एक मई वुद्धवार को हिरनई में प्रवास एवं आहार चर्या संपन्न होंने की सम्भावना है एवं 2 मई गुरुवार को धर्मनगरी विदिशा मे सम्भावित अगवानी होगी। श्री सकल दि. जैन समाज विदिशा एवं मुनि सेवक संघ सहित विदिशा नगर के स्वंय सेवकों ने नगर के सभी धर्म श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि आचार्य श्री संघ के मंगलविहार में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ लें इधर श्री पारसनाथ जिनालय अरिहंत विहार में उन्ही की संघस्थ आर्यिका विमलमति माताजी ने रविवारीय प्रवचन में कहा कि यदि शास्वत सुख चाहिये तो वर्तमान के सुख को छोड़ना पड़ेगा इतिहास गवाह है जिन्होंने वर्तमान के सुख को छोड़ा और वन को गये वह भगवान बन गये उन्होंने कहा कि जो हमें यंहा इस भव में सुख देते है वह पर भव में दु:ख ही दु:ख देते है, जिन्होंने यंहा पर सुख देखा उनको परभव में दु:ख ही उठाना पड़ा।

-अविनाश जैन

कैट ने आगामी लोकसभा चुनाव...पेज-01 का शेष

रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप जी ने कहा कि पूरे देश में यह मैसेज जाना चाहिये कि छत्तीसगढ़ में इस बार अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने व्यापारिक एसोसियेशन के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपना मतदान अवश्य करें एवं शत-प्रतिशत मतदान करवायें। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान कम होता है। सबका उद्देश्य यही हो कि सबसे ज्यादा मतदान हो परंतु आपका कोई भी उद्देश्य किसी दल विशेष की तरफ झुका हुआ नहीं होना चाहिये। उन्होनें आगे कहा कि मतदान के लिए अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचें। मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार मतदाताओं के लिए 2 घण्टे का समय बढ़ा दिया गया है।

उपरोक्त बैठक में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, मंगेलाल मालू, अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन विक्रम सिंहदेव, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी, विजय पटेल, विजय शर्मा, राकेश ओचवानी, नरेश गंगवानी, सुनील धुप्पड, महेश खिलोसिया, जयराम कुकरेजा, जितेन्द्र गोलछा, विजय जैन, आसिफ वैद, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र तिवारी, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, परविन्दर सिंह, रमेश खोडियार, हरसुख पटेल, सुरेश वासवानी, सुशील कुमार लालवानी, राजेश बिहानी, अमित गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, शैलेन्द्र शुक्ला, भुनेश्वर साहू, रतनदीप सिंह, प्रकाश जोशी, सोपान अग्रवाल, मुकेश झा, रमेश पटेल, राजेश साहू, प्रकाश माखीजा, समीर वेन्सायानी उपस्थित रहे।

कवर्धा के नेताओं को मिली धरसींवा विधानसभा में चुनाव कार्य की जिम्मेदारी

अशोक साहू, जसविंदर बग्गा और राजेंद्र चंद्रवंशी बहा रहे पसीना

कवर्धा (विश्व परिवार)। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव खत्म होते ही भाजपा के प्रदेश संगठन ने जिले के नेताओं को अन्य क्षेत्रों में चुनाव कार्य में लगा दिया है. कवर्धा के जिला अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा और राजेंद्र चंद्रवंशी को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के धरसींवा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है. तीनों नेता पिछले तीन दिनों से पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दिशा निर्देश के तहत विधानसभा के तीनों मंडलों में दौरा कर चुनावी कार्यों की रफ्तार से अवगत हो रहे हैं और विभिन्न बैठकों के माध्यम से प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन के टिप्स देते हुए अपने अपने बूथों पे पार्टी के पक्ष में ज्यादा मतदान हेतु प्रेरित कर रहे हैं. इन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान के तहत हर बूथ में 370 वोटों की बढ़ोतरी के संकल्प के साथ कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं. आने वाले 1 मई को हमारे पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल के जन्मदिन को भी हर बूथ पे उत्साह के साथ मनाने की योजना बनाकर उसपे भी कार्य प्रारंभ किया गया है. जिस प्रकार कार्यकर्ताओं की मेहनत दिख रही है और लोगों में उत्साह है, उससे ये साफ साफ दिख रहा है कि हमारे लोकप्रिय प्रत्याशी प्रदेश में सर्वाधिक बढ़त के साथ जीत की ओर बढ़ रहे हैं।

रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से की मुलाकात

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को बलौदाबाजार में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से भी मुलाकात की। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश में मूलभूत अधोसंरचना विकास पर तेजी से काम किया जा रहा है। भाजपा के लिए राजनीति से बढ़कर राष्ट्रीय नीति है। आगामी लोकसभा चुनाव देश की समृद्धि का चुनाव है। यह भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने वाला चुनाव है। ये नए भारत के निर्माण का चुनाव है। ऐसे में यहां के एक-एक नागरिक की भूमिका अहम है। बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में देश के हर एक नागरिक को भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रितेश श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम सोनी, खोड़सराम कश्यप, योगेश वर्मा, राहुल सोनी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

शिवाजी स्कूल की पहल, रिज़ल्ट लेने आए अभिभावकों को मतदान की शपथ दिलाई

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी शाखा में आज वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली से नवमीं और ग्यारहवीं के सैकड़ों अभिभावकों ने आज स्कूल आकर अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। स्कूल परिवार द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत आज स्कूल आए अभिभावकों के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शपथ दिलाने पधारे आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य परसराम बोहरा, श्री बालाजी विद्या मंदिर की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जे प्रकाश ने अभिभावकों को संबोधित कर उनसे अपील की कि जिस प्रकार वे अपने बच्चों के परिणाम हेतु स्कूल आए हैं उसी प्रकार देश की राजनीतिक दिशा का परिणाम तय करने अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें। लोकतंत्र की इस खूबसूरती को बनाए रखने प्रत्येक नागरिक न केवल स्वयं वोट दें बल्कि अपने रिश्तेदारों, परिचितों, मित्रों, पड़ोसियों, घर के सभी सदस्यों को भी मताधिकार हेतु प्रेरित करें। मतदान के दिन को महज छुट्टी का दिन ना समझें बल्कि लोकतंत्र के प्रति अपनी ड्यूटी समझकर अपने मत का उपयोग करें। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों आकाश सोनकर, मेघा सोनकर और काव्यांश देवांगन द्वारा पिछले 15 वर्षों मे स्कूल से एक भी छुट्टी ना लेनें के कारण उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही गर्मी को देखते हुए पक्षियों को दाना पानी देने के उद्देश्य से अभिभावकों को निःशुल्क सकोरा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम मे स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फ़ज़ली, सुपरवाइजर निर्मला बिसेन व पार्वती देवांगन, शिफ्ट इंचार्ज रुपा साहू, शिरीन परवीन, नीना शर्मा व किरण साहू समेत पूरा स्कूल परिवार मौजूद रहा।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिले

रायपुर (आरएनएस)। शहर में सोशल मीडिया के माध्यम से आम मतदाताओं को 07 मई को मतदान हेतु प्रेरित करने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से जुड़े युवा अपनी भागीदारी देंगे। इस प्रस्ताव के साथ आज इन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की एवं मतदान केन्द्रों में इस बार मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा व स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व यू-ट्यूबर्स से चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान के प्रति जागरूक करना एवं देश की प्रगति के लिए मतदान करना सभी का दायित्व है। पिछले निर्वाचन के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर में 6 लाख 7 हजार 646 मतदाता मतदान हेतु नहीं जाते, इन आंकड़ों में किसी भी परिचित, रिश्तेदार, पड़ोसी का नाम न रहें, यह सुनिश्चित करने में सोशल मीडिया उपयोगी है।

अधिकतम मतदान लोकतंत्र को मजबूत करती है : जगदीश पटेल

एसआरयू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों और स्टाफ मेम्बेर्स को कुलसचिव ने दिलाई शपथ

मतदान अधिकार ही नहीं कर्त्तव्य भी : प्रो एस. के सिंह

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में ''मतदान में युवाओं की भूमिका'' विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रोफेसर एस.के सिंह ने कहा कि चुनाव में युवाओं की भूमिका मतदान तक सीमित नहीं है। युवाओं को न केवल अपने बहुमूल्य मत का उपयोग करना चाहिए बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना चाहिए।

प्रो. सिंह अपने व्यक्तव्य साझा करते हुए कहा कि देश अभी अपने 75वें स्वतंत्रता वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृतकाल मना रहा है और 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने को संकल्पित है। ऐसे में युवा देश में सरकार बनाने की प्रक्रिया में वोट देकर अपना अमूल्य योगदान दें क्यूंकि लोकतंत्र में मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। प्रथम बार वोट करने वाले युवाओं को भी लोगों को मतदान करने में सहयोग करना आवश्यक है।

मुख्या वक्ता समाजसेवी जगदीश पटेल ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो चुका है। अभी तक हुए मतदान में वोटिंग प्रतिशत कम रहा है जो कि चिंताजनक है। आगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने युवाओं को योगदान देना चाहिए। श्री पटेल ने बताया कि हमारे देश में 15 से 29 वर्ष के युवाओं की संख्या 37 करोड़ जो विश्व में सबसे अधिक है। राजनीति युवाओं का भी विषय है। युवाओं को राजनीति और समाज में अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। वे खुद के साथ परिवार और समाज को भी मतदान करने को प्रेरित करें।

श्री पटेल ने यह भी कहा कि दो हजार वर्ष पहले हमारा भारत देश आर्थिक, कृषि, शिक्षा, दर्शन इत्यादि स्तरों पर उच्च स्थान रखता था पर बाद के दौर में बाहरी आक्रांताओं के कारण हर क्षेत्र में गिरावट आ गई। श्री पटेल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमारे देश में तेजी से परिवर्तन आया है। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व मे 11वें नंबर पर थी जो अब पांचवे स्थान पर आ गई है। हम कुछ ही वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भी अग्रसर हैं। युवाओं को सभी क्षेत्र में योगदान देने आगे आना चाहिए।

अपने आभार प्रदर्शन उद्बोधन में एस.आर.यू के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि आपके मत से देश का भविष्य तय होता है। विवि के सभी युवा वोट देकर लोकतंत्र के पर्व में पुण्य कमाएं। डॉ. शर्मा ने बताया कि आज मतदान से संबंधित सारी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है। आपके एक वोट से गरीब के घर में दिया जलने में मदद मिलेगी। साथ ही देश स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था इत्यादि के क्षेत्र में विकास करेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों और कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वच्छ मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। छात्र अधिष्ठाता डॉ. सत्यज तिवारी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन का संचालन डॉ. राधिका चंद्राकर ने किया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर बुधवार 01 मई 2024

संक्षिप्त समाचार

जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा ने उप जेल सारंगढ़ का किया भ्रमण

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा ने कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, पारूल वास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के साथ उप जेल सारंगढ़ का भ्रमण किया। माननीय जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियो से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय-समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नही है उनकी ओर से पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेंगे। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है, उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई।

तेईस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने और लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 23 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। माओवादियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के समाने आत्मसर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे। ये माओवादी बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर-पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। इससे पहले पुलिस ने माओवादियों से हिंसा की राह छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होनी की अपील की थी। इसका व्यापक असर माओवादियों पर हुआ और 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करके लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताया.पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा ने कहा कि आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिए जाएंगे। बता दें कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 177 इनामी माओवादी सहित कुल 761 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

मोबाईल चोर गिरफ्तार

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। अस्पताल से मोबाईल फोन चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का मोबाईल बरामद किया है तथा आरापी को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बसंतपुर राजनांदगांव निवाीसी डा. नरेन्द्र गांधी पिता स्व. मदन मोहन गांधी उम्र 68 वर्ष निवासी सोमवार को बसंतपुर थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मरिजो की सुविधा के लिए व समय देने के लिए नर्सिग होम मे पदस्थ स्टाफ को एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल को दिनांक 26 अप्रेल के रात्रि 10 बजे के लगभग अस्पताल से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457,380 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना बसंतपुर पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधर पर एक युवक ऋषभ केमे को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से चोरी का मोबाईल जब्त किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

सुकमा(विश्व परिवार)। विगत दिवस को विकास खण्ड़ शिक्षा अधिकारी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, ए.पी.सी. तथा समस्त हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी प्राचार्य की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में आहूत की गई थी, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय परीक्षा परिणाम, साईकिल वितरण,जाति प्रमाण पत्र,निमार्ण से संबंधित जानकारी बच्चों की माहवार औसत उपस्थिति,संस्था में समस्त पंजियों का संधारण, संकुल प्राचायों की अकादमिक कार्यो की जानकारी,शिक्षकों के पदस्थापना अध्यापन की स्थिति,प्रवेश तथा डी.डी.ओ. द्वारा सेवा पुस्तिका/पासबुक संधारण, संस्थाओं के लिए आवश्यक सामग्री मांग पर विस्तृत चर्चा किया गया, एवं समस्त प्राचायों को दियें गये दायित्व को सुचारू रूम से कार्य करने हेंतु निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में सहायक जिला परियोजना अधिकारी, ए.पी.सी. समस्त ब्लाक विकास खण्ड़ शिक्षा अधिकारी, जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित थें।

शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी निकाय पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें - आयुक्त

मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें तथा आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित कराएं।

कोरबा(विश्व परिवार)। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, निगम के जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि निकाय क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पाने हेतु पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, लगातार इवेन्ट्स का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करें, स्वच्छता दीदियों व निकाय कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक, प्रेरित व आमंत्रित करें। मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें तथा आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित कराएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज निगम कार्यालय साकेत में जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व निगम के जोन कमिश्नरों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए निकायों द्वारा किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों, मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं, आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना सहित विभिन्न निर्वाचन से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार व निकायवार विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, वहाँ पर विशेष फोकस रखकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित व जागरूक करें, उन्हे मतदान का महत्व बताएं। आयुक्त सुश्री ममगाई ने विभिन्न निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित मतदान केन्द्रों से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं व तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों की तैयारियों को अंतिम रूप दें, जिन मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में बनाया जाना है, उनके चिन्हांकन करते हुए उन्हें सुसज्जित व व्यवस्थित करें, समस्त आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। आयुक्त सुश्री ममगाई ने बैठक के दौरान निर्वाचन संबंधी अन्य विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति व तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, नगर पंचायत छुरी के सीएमओ बी.जे. करूणाकर देव, पाली के सीएमओ पूर्णेन्द्र तिवारी, कटघोरा सीएमओ ज्ञानकुंज कुलमित्र, बांकीमोंगरा सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो, दीपका सीएमओ राजेश गुप्ता, निगम के जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, आर.के.माहेश्वरी, प्रकाश चन्द्रा, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता योगेश राठौर, लीलाधर पटेल, अरूण बघेल, यशवंत जोगी तथा सी.एस.ई.बी.कोरबा पश्चिम के अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिष्ठान 01 मई को करेंगे विशेष आयोजन- बैठक के दौरान आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सी.एस.ई.बी. सहित अन्य प्रतिष्ठानों से कहा कि नियमित आयोजनों के अतिरिक्त 01 मई श्रमिक दिवस के दिन वे मतदाता जागरूकता संबंधी विशेष व वृहद आयोजन करें, सभी कर्मचारियों, श्रमिकों व अपने क्षेत्र के मतदाताओं को इन आयोजनों से जोड़े, घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करें तथा आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों के फेटोग्राफ्स, वीडियो आदि शेयर करें।

मतदान के लिए तैयार की जा रही हैं ईव्हीएम मशीनें

कलेक्टर ने लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश

प्रेक्षकों एवं प्रत्याशियों की मौजूदगी में शुरू हुई कमीशनिंग

बिलासपुर(विश्व परिवार)। जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां जोरो से चल रही है। इसी क्रम में कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में आज से ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना कमीशनिंग कहलाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने विधानसभावार कक्षों का निरीक्षण कर कमीशनिंग का जायजा लिया। कलेक्टर ने कमीशनिंग के कार्य में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कमीशनिंग की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अभय ए महाजन, प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई। सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया तीन से चार दिन तक चलेगी। सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग दल का प्रभारी बनाया गया है उनके साथ दो सहायकों की भी ड्यूटी भी कमीशनिंग कार्य के लिए लगायी गयी है। कमीशनिंग की प्रक्रिया में सबसे पहले बैलेट यूनिट की कमीशनिंग की जाती है। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली बीयू में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई।

जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से करें पूर्ण - कलेक्टर

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे। जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फेटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फेटो के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पीएचई के ईई श्री पंकज जैन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए कार्यों को पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करें। साथ ही मैदानी इलाकों के गांवों में भी सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में प्रगति नहीं आने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जायेगी।

कलेक्टर ने जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण आवास, आंगनबाड़ी, गोदाम, मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय, सामुदायिक शौचालय, नाडेप संरचना एवं मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की जनपद वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीएम आवास के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही लगातार फील्ड निरीक्षण कर कार्यों की मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों को ओडीएफप्लस मॉडल का दर्जा दिलाने सभी गांवों में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र शेड निर्माण की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मामूली विवाद पर ले ली चचेरे भाई की जान, आरोपी गिरफ्तार

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले के थाना केरेगांव के फुटहामुड़ा गंगरेल रोड में लहसुनवाही कैम्पा जंगल के पास मिली संदिग्ध लाश के मामले में खुलासा हो गया है। मामले में पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों फुटहामुड़ा गंगरेल रोड में लहसुनवाही कैम्पा जंगल के पास एक युवक की लाश मिली थी। जिसकी पहचान तिलेश्वर नेताम के रूप में हुई थी। मामले में केरेगांव थाना पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक तिलेश्वर एक दिन पहले अपने चचेरे भाई भुपेन्द्र कुमार नेताम के साथ गया था। जिसके बाद पुलिस ने भूपेंद्र को संदेही मानते हुए हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया। जिसपर भूपेंद्र ने तिलेश्वर की हत्या करने की बात कबुल कर ली। और पुलिस को बताया कि मृतक तिलेश्वर कुमार नेताम उसका चचेरा भाई था। दोनों ओवर ब्रिज के काम में मिस्त्री का काम करते थें। भुपेन्द्र कुमार जो तीन माह से काम में नहीं जा रहा था। जो 27-04-24 को सुबह करीब 10 बजे तिलेश्वर नेताम के साथ मोटर सायकल में पीछे बैठकर पारिवारिक कार्यक्रम मे गए थे। जहाँ पर संदेही एवं मृतक दोनों ने खूब शराब पीये थे,और दोनों जब वापस घर लौट रहे थे तो शराब के नशे में गाड़ी से गिर गये। इस दौरान भुपेन्द्र को दोनों पैर व कमर में चोट भी आई और मोटर सायकल को क्षति पहुंची। इसपर भुपेन्द्र ने तिलेश्वर को गाड़ी चलाने नही दिया और गिरा दिया कहकर विवाद किया और दोनों के बीच लड़ाई एवं मारपीट हो गई। इस दौरान तिलेश्वर ने पत्थर उठाकर भूपेंद्र को मारा जिस पर भुपेन्द्र को गुस्सा आया और भुपेन्द्र ने भी गुस्से से पत्थर उठाकर तिलेश्वर के चेहरे और ऑख में मारा जिस पर तिलेश्वर बेहोश होकर मूंह के बल गिर गया,फिर मैं उसको जल्दी से फारेस्ट द्वारा बनाया गया फेंसिंग के तार के सहारे खींचते हुये जंगल के अंदर ले जाकर मुंह के बल लेटा कर वहीं पड़े पत्थर से सिर में पीछे तरफ दो बार मारा। और जीवित होने के शक में उसके पहने जूते के लेस से उसका गला घोट दिया। और वहां से घर आ गया। घटना में प्रयुक्त सामान को इधर उधर फेक कर साक्ष्य को छुपाने का प्रयास भी किया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के कथन के अनुसार जंगल में फेंके पत्थर एवं टीशर्ट तथा घटनास्थल पर छोड़े बड़े पत्थर को बरामद कर लिया। मामले में सोमवार को थाना केरेगांव द्वारा आरोपी भुपेन्द्र कुमार नेताम के विरुद्ध धारा 302,201 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पोकलेन मशीन से किया जा रहा है डबरी निर्माण का कार्य

रामानुजगंज(विश्व परिवार)। नगर में दिन प्रतिदिन पेयजल संकट गहराते जा रहा है कन्हर नदी सूखने के बाद नियमित जलप्रदाय व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए नगर पंचायत के द्वारा कन्हर नदी में डबरी का निर्माण कराया गया था। परंतु उक्त डबरी भी रविवार के देर शाम सूख गई जिसके बाद आनन फानन में देर शाम से ही पोकलेन मशीन से नगर पंचायत के द्वारा बड़े आकार में डबरी का निर्माण करवाना प्रारंभ कर दिया गया डबरी निर्माण के लिए पूरी रात पोकलेन मशीन चलाया गया वहीं अभी भी पोकलेन मशीन से डबरी निर्माण का कार्य जारी है जिस प्रकार से नदी का पानी लगातार नीचे जा रहा है उससे नगर वसियों सहित नगर पंचायत की चिंता बढ़ते जा रही है जिले के सबसे बड़े शहर में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रहे प्रशासन को गंभीरता पूर्वक इसे सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि अप्रैल माह के प्रथम पखवाड़े में ही कन्हर नदी के सूख जाने के बाद नगर पंचायत के द्वारा कनहर नदी में डबरी का निर्माण कराया गया ताकि नगर में नियमित जलप्रदाय व्यवस्था बाधित न हो डबरी निर्माण के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि यह डबरी कम से कम 15 मई तक नगर में पेयजल की व्यवस्था को संभालेगा परंतु अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही डबरी सूखने लगा वहीं रविवार के देर शाम जब डबरी सूख गया तो आनन फानन में तत्काल नगर पंचायत के द्वारा पोकलेन मशीन से यहां बड़े आकार के डबरी का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पूरी रात पोकलेन मशीन चला वही अभी भी पोकलेन मशीन से पहले से दुगने आकार का डबरी निर्माण कराया जा रहा है परंतु यह भी देखने वाली बात रहेगी कि डबरी कब तक चल पाएगा जिस प्रकार से नदी का जलस्तर नीचे जा रहा है उससे चिंता बढ़ गई है। नगर पंचायत सीएमओ सुमित मेहता, जल प्रभारी विनोद केसरी सहित पूरा नगर पंचायत आमला देर रात तक मौके पर डटा रहा। कुआं हैंड पंप भी देने लगे जवाब..... सरहदी क्षेत्र की जीवनदायनी माने जाने वाली कन्हर नदी के सूखने के बाद अब तेजी से नगर के हैंड पंप एवं कुआं भी जवाब देने लगे हैं बीते तीन से चार दिन में ही दर्जनों हैंडपंप एवं कुआं ड्राई हो गए हैं ऐसे में अब लोगों के सामने सिर्फ नगर पंचायत की नियमित जलप्रदाय व्यवस्था पर ही निर्भर होना मजबूरी हो गई है यदि नगर पंचायत भी नियमित जलप्रदाय व्यवस्था नहीं कर पता है तो पानी के लिए हाहाकार मच जायगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि रविवार के देर शाम से पोकलेन मशीन लगाया गया है पहले से दुगने आकार का एवं दुगने गहराई का डबरी निर्माण कराया जा रहा है श्री अग्रवाल ने बताया कि जब पहले डबरी का निर्माण किया गया था तो अनुमान था कि 15 मई तक यह डबरी स्थिति को संभालेगा परंतु मई से पहले ही यह डबरी जवाब दे दिया जिस कारण पुन: डबरी निर्माण की आवश्यकता पड़ी। पूरे नगर पंचायत परिवार का लगातार प्रयास है कि नगर में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो पाए यथा संभव हम सब इसके लिए प्रयासरत है कि नियमित जलप्रदाय व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित न हो अभी तक की स्थिति में पानी की नियमित सप्लाई बाधित नहीं हुई है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर बुधवार 01 मई 2024

व्यापार समाचार

एशियन पेंट्स ने विराट कोहली को क्रांतिकारी पेशकश - नियो भारत लेटेक्स पेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है

जबलपुर। एशियन पेंट्स, भारत की सबसे आगे रहने वाली पेंट और डेकोर कंपनी, क्रिकेट आइकन, विराट कोहली को अपने आने वाले नए लॉन्च - नियो भारत लेटेक्स पेंट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा गर्व से करती है। नियो भारत लेटेक्स पेंट के साथ, एशियन पेंट्स इस डायनामिक उद्योग में अपनी मौजूदगी का विस्तार करके और इसे सभी के लिए ज्यादा सुलभ बनाकर पेंट की श्रेणी में क्रांति लाएगा। नियो भारत लेटेक्स पेंट हर तरह से क्रांतिकारी है क्योंकि इसमें विशेष पॉलिमर तकनीक है जो बेहतर फिनिश, ज्यादा कवरेज और क्लीनेबिलिटीदेती है। ये प्रगति के रंग, जो कि नियो भारत की टैग लाइन है, उन लाखों भारतीयों को समर्पित है जो बेहतर जीवन की तलाश में हैं, और एशियन पेंट्स का लक्ष्य उनकी यात्रा में उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलना है। बाजार में सबसे आगे रहते हुए, एशियन पेंट्स ने लगातार ऐसे नए-नए उत्पाद पेश किए हैं जो बेहतरीन होने को फिर से परिभाषित करते हैं, और नियो भारत लेटेक्स पेंट एक बार फिर इस श्रेणी में क्रांति लाने के लिए तैयार है। विराट कोहली से बेहतर कौन इस स्तर के लॉन्च के साथ न्याय कर सकता है। विराट ब्रांड के मूल्यों और भावना का प्रतीक हैं और यह एशियन पेंट्स के नेतृत्व और उच्च स्तर और प्रदर्शन के लिए समर्पण को दिखाता है, यह उन्हें एशियन पेंट्स और नए ढंग से बने नियो भारत लेटेक्स पेंट दोनों के लिए एक एकदम सही चेहरा बनाता है। आगामी लॉन्च और उसके ब्रांड एंबेसडर के लिए अपना उत्साह दर्शाते हुए, एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल ने कहा, हमारा आने वाला लॉन्च, नियो भारत लेटेक्स पेंट, एशियन पेंट्स के इतिहास में सबसे बड़े मौकों में से एक है, और विराट कोहली का इस जबरदस्त ब्रांड के चेहरे के रूप में होना हमारे उत्साह को बढ़ाता है। आज कोहली को खेल और भारतीय टीम को कुछ इस तरह से बदलने का श्रेय दिया जाता है, जैसा कई दूसरे लोग नहीं कर पाए। उनकी लोकप्रियता किसी खास इलाके तक सीमित नहीं है, उनके व्यक्तित्व से नए भारत का आत्मविश्वास झलकता है। जनता के बीच कोहली का प्रभाव और लोगों की बीच उनकी पहचान इस क्रांतिकारी उत्पाद के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

कल्याण ज्वैलर्स ने अंबिकापुर में एकदम नए शोरूम के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी मौजूदगी का किया और विस्तार

अंबिकापुर : भारत की सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़ी आभूषण कंपनियों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज अंबिकापुर में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। इस नए और शानदार शोरूम के साथ छत्तीसगढ़ में कंपनी की मौजूदगी और मजबूत हो गई है। अंबिकापुर में एकदम नए शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह छत्तीसगढ़ राज्य में कंपनी का 5वां शोरूम है। ग्राहक विश्व स्तरीय माहौल के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं। इस तरह उन्हें खरीदारी का एक शानदार अनुभव मिलेगा। नए शोरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, एक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही हमने ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक विशेष सिस्टम कायम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारी इस विकास यात्रा के अगले चरण में, हमें अंबिकापुर में अपने नए शोरूम के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी मौजूदगी का लगातार विस्तार करना है। साथ ही हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लॉन्च का जश्न मनाते हुए, कल्याण ज्वैलर्स ने अनेक दिलचस्प और उपयोगी ऑफर्स की भी घोषणा की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को नए शोरूम से उनकी आभूषण खरीद पर अधिकतम लाभ मिले। इन ऑफर्स में कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड दर भी है, जो बाज़ार में सबसे कम और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। यह दर नई दिल्ली के शोरूमें पर आभूषणों की खरीद पर लागू होगी। ये ऑफर केवल सीमित अवधि के लिए वैध हैं। कल्याण ज्वैलर्स में खुदरा बिक्री वाले सभी आभूषण बीआईएस-हॉलमार्क वाले हैं और शुद्धता संबंधी अनेक परीक्षणों से गुजरते हैं। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-स्तरीय एश्योरेंस सर्टिफिक्रेट भी प्राप्त होगा, जो शुद्धता, गहनों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज और बाय-बैक पॉलिसी की गारंटी देता है। एश्योरेंस सर्टिफिक्रेट अपने निष्ठावान ग्राहकों को बेहतरीन प्रॉडक्ट पेश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

नासिक - अमेरिका स्थित मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (बीएसई – 541161) में हिस्सेदारी खरीदी है, जो कन्स्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। 26 अप्रैल 2024 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार, मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की 1त्न इक्विटी (1 करोड़ शेयर) प्रति शेयर रु. 2.05 पर खरीदी है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाओं की भी घोषणा की है। गुड़ी पड़वा के अवसर पर कंपनी ने महाराष्ट्र के नासिक में कर्मयोगी नगर स्थित एक रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट, हरि कुंज मेफ्लावर (MAHARERA Reg no : P51600020249) प्रोजेक्ट की 54 यूनिट्स का कब्जा सफ्लतापूर्वक सौंप दिया है। अप्रैल 2024 के महीने में, बॉर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने एफ्सीसीबी के इश्यू के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बॉन्डस को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है।

तुषार देशपांडे के 4 विकेट की मदद से चेन्नई ने हैदराबाद पर 78 रन की बड़ी जीत दर्ज की

चेन्नई,(एजेंसी)। यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रविवार को तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के शानदार चार विकेट की मदद से गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर 78 रनों की बड़ी जीत के साथ अपने दो मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के 98 और डेरिल मिशेल के 52 रनों के बाद सीएसके ने 212/3 का विशाल स्कोर बनाया। एसआरएच लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई और अंततः 18.5 ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। देशपांडे ने पावर-प्ले में तीन बार आईपीएल-सर्वश्रेष्ठ 4-22 के आंकड़े हासिल किए और सीएसके के लिए शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। सीएसके के लिए मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान (दो-दो विकेट), रवींद्र जड़ेजा और शार्दुल ठाकुर (एक-एक विकेट) भी विकेट लेने वालों में शामिल थे। यह बड़ी जीत चेपॉक में सीएसके की 50वीं आईपीएल जीत भी है और यह उन्हें अंक तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर ले जाती है, जहां वे अब एसआरएच, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ 10 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। 213 रनों का पीछा करते हुए ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तीन तेज चौके लगाए, इससे पहले कि देशपांडे के ट्रिपल स्ट्राइक ने एसआरएच के लक्ष्य को पटरी से उतार दिया। उनकी धीमी वाइड गेंद पर हेड ने डीप प्वाइंट पर गेंद को आउट किया। इम्पैक्ट प्लेयर अनमोलप्रीत सिंह देर से मूवमेंट के कारण असफल हो गए और अतिरिक्त कवर को बढ़त दे दी। अभिषेक शर्मा एक धीमी शॉर्ट गेंद से आउट हो गए, जिसे उन्होंने पॉइंट की ओर काटा, क्योंकि पावर-प्ले के अंत में एसआरएच 53/3 पर पहुंच गया। मथीशा पथिराना ने शानदार यॉर्कर फेंककर एडेन मार्कराम का मिडिल स्टंप उखाड़ दिया। सीएसके के गेंदबाजों की पकड़ इतनी मजबूत थी कि एसआरएच बीच के ओवरों में केवल तीन चौके ही लगा सका। जब हेनरिक क्लासेन को कम फुल टॉस पर ज्यादा ऊंचाई नहीं मिली और वह लॉन्ग-ऑन पर आउट हो गए, तब पथिराना ने फिर से प्रहार किया, जबकि अब्दुल समद ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ सीधे लॉन्ग-ऑफ पर शॉट मारा।

एमडीएच और एवरेस्ट की मुश्किलें और बढ़ीं

अमेरिका ने 31प्रतिशत फीसदी मसाले लौटाए

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ उत्पादों पर लगातार चिंताएं जताई जा रही हैं। इस बीच इन चिंताओं के कारण साल्मोनेला संदूषण के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में स्नष्ठ॥ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्यात किए गए मसाले से संबंधित शिपमेंट के लिए इनकार दरों में वृद्धि दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, पिछले छह महीनों में, अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने स्नष्ठ॥ के 31प्रतिशत मसाला शिपमेंट को अस्वीकार कर दिया, जबकि पिछले साल यह 15प्रतिशत था। साल्मोनेला संदूषण पर इनकार की दर में वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब सिंगापुर और हांगकांग दोनों ने मसाला मिश्रणों में कथित कार्सिनोजेनिक कीटनाशक पाए जाने पर एमडीएच और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की कुछ वस्तुओं की बिक्री निलंबित कर दी थी। एक रिपोर्ट के मताबिक अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (स्नष्ठ) स्नष्ठ॥ और एवरेस्ट उत्पादों पर जानकारी इकट्ठा कर रहा है। स्नष्ठ के एक प्रवक्ता ने बताया, स्नष्ठ रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी इकट्ठा कर रहा है। हांगकांग और सिंगापुर के कदमों के बाद भारत में दो सबसे लोकप्रिय मसाला ब्रांड भी गुणवत्ता मानकों के लिए भारतीय नियामक की जांच के दायरे में हैं। भारत में उद्योग नियामक, मसाला बोर्ड ने मसाला निर्माताओं स्नष्ठ॥ और एवरेस्ट के कुछ उत्पादों में कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशकों की रिपोर्ट सामने आने के बाद गुणवत्ता मानकों के अनुपालन के लिए उनकी सुविधाओं का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड ने 15 सदस्यीय टीम का किया एलान, केन विलियमसन को मिली कप्तानी

नईदिल्ली(एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड ने अपने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है. केन विलियमसन ही इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के कप्तान होंगे. न्यूजीलैंड ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली थी. हालांकि फुल स्क्वॉड वाली टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं गई थी. वहीं कप्तान केन विलियमसन इन दिनों आईपीएल 2024 के लिए भारत में मौजूद है और वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं. बता दें कि आईसीसी ने सभी टीमों को 1 मई तक अपनी टीम का ऐलान करने के लिए कहा है, लेकिन न्यूजीलैंड ने उससे पहले 29 अप्रैल (सोमवार) को ही अपने टीम का एलान कर दिया. इस बार टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा. टी20 विश्व कप की शुरुआत तो 1 जून से होगी, लेकिन न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 7 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी. बता दें कि न्यूज़ीलैंड ग्रुप-सी में रखा गया है. 2024 के लिए न्यूजीलैंड की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा बैलेंस दिखाई दे रहा है. टीम में केन विलमयसन, ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी और डेरिल मिचेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं. तो वहीं मार्क चैपमैन और रचिन रवींद्र जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है. रचिन रवींद्र भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी न्यूजीलैंड का हिस्सा थे और शानदार प्रदर्शन किया था. रचिन इन दिनों आईपीएल 2024 के लिए भारत में हैं. और वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं. वहीं न्यूजीलैंड के स्क्वाड का एलान बच्चों ने किया. विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे,लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टीम साउदी.

जून के अंत तक करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जाएगी: खान सचिव

नयी दिल्ली(एजेंसी) । खान सचिव वी. एल. कांथा राव ने सोमवार को कहा कि सरकार जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की बिक्री करेगी। राव ने कहा कि पहले दौर में बिक्री के लिए रखे गए सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। उसके परिणाम एक महीने में घोषित किए जाएंगे। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिज आज पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक... तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, '' जब खनन की बात आती है, तो हमने बहुत सारी नीलामी की हैं। हमने 38 ब्लॉक (महत्वपूर्ण खनिज) को नीलामी में रखा है... हम जून अंत में अगली नीलामी के साथ आएंगे तो यह नीलामी प्रक्रिया जारी रहेगी।'' राव ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले दो वर्षों में कई महत्वपूर्ण ब्लॉक की खोज की गई। परिणामस्वरूप 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक नीलामी के लिए मेज पर हैं। सचिव ने कहा, '' इसलिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। हम चाहेंगे कि उद्योग आगे आए और इन ब्लॉक का अध्ययन करे तथा उनके लिए बोली लगाए।'' उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण पर सरकार का सबसे अधिक ध्यान है। राव ने कहा कि खान मंत्रालय अगले तीन महीने में अपतटीय खदानों की नीलामी भी शुरू करेगा।

आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में बढ़ा

मुंबई(एजेंसी) । निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के लाभ में इतनी वृद्धि कम प्रावधानों के कारण हुई। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 9,853 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 17.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,708 करोड़ रुपये रहा था, जबकि मार्च, 2023 तिमाही में यह 9,122 करोड़ रुपये था। कंपनी की मूल शुद्ध ब्याज आमदनी 8.1 प्रतिशत बढ़कर 19,093 करोड़ रुपये रही। इसमें कर्ज में 16.8 प्रतिशत वृद्धि और शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.90 प्रतिशत से घटकर 4.40 प्रतिशत रह गया। पूरे पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 40,888 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 31,896 करोड़ रुपये था। बैंक की गैर-ब्याज आय 15.7 प्रतिशत बढ़कर 5,930 करोड़ रुपये हो गई। बैंक का प्रावधान मार्च तिमाही में आधे से ज्यादा घटकर 718 करोड़ रुपये रह गया। भारी प्रतिस्पर्धा के बीच बैंक की जमा में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। असुरक्षित कर्ज पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चिंता जताए जाने के कुछ महीनों बाद आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक संदीप बत्रा ने कहा कि इसने व्यक्तिगत ऋण वृद्धि को घटाकर 32.5 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 37 प्रतिशत था, जबकि क्रेडिट कार्ड बकाया में वृद्धि 35.6 प्रतिशत रही।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा। टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं। टोयोटा रुमियन जी-एटी वेरिएंट 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर के सीरीज पेट्रोल इंजन से संचालित है, जिसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तकनीक है जो प्रतिक्रियाशील प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। जहां पेट्रोल ग्रेड का पावर आउटपुट 6000 आरपीएम पर 75.8 किलोवाट और 4400 आरपीएम पर 136.8 एनएम का टॉर्क है, वहीं सीएनजी ग्रेड 5500 आरपीएम पर 64.6 किलोवाट का आउटपुट और 4200 आरपीएम पर 121.5 एनएम का टॉर्क बढ़ाता है। टोयोटा रुमियन अब नियो ड्राइव एमटी: एस, जी और वी ग्रेड के सात वेरिएंट में उपलब्ध है। नियो ड्राइव एटी: एस, जी और वी ग्रेड। ई-सीएनजी: एस ग्रेड ग्राहकों के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। जी-एटी वैरिएंट उन्नत तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले के साथ 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो सिस्टम शामिल है। टोयोटा आई -कनेक्ट से सुसज्जित, यह जलवायु, लॉक/अनलॉक, खतरनाक रोशनी और कई अन्य कनेक्टेड सुविधाओं के लिए रिमोट कंट्रोल प्रदान करता है। टोयोटा रुमियन अपने मालिकों के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं जैसे डुअल फ्रंट एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, हिल होल्ड, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी) और बहुत कुछ के साथ सुरक्षा को भी प्राथमिकता देता है।

शक्ति पंप्स ने हासिल किया अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू और प्रॉफिट

पीथमपुर। सोलर स्टेनलेस-स्टील सबमर्सिबल पंप, प्रेशर बूस्टर पंप, पंप-मोटर्स, कंट्रोलर और इनवर्टर सहित अन्य उत्पादों के अग्रणी निर्माता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, FY24 शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है, क्योंकि कंपनी ने रेवेन्यू और प्रॉफिट के मामले में अब तक का मजबूत प्रदर्शन किया है। यह हमारी गवर्नमेंट और एक्सपोर्ट बिजनेस दोनों में हमारे उत्कृष्ट प्रदर्शन को बताता है, जिसने FY24 में क्रमश: 52% और 23त्न की रेवेन्यू में ग्रोथ दर्ज की है। हमारी प्रभावशाली ऑर्डर बुक, राशि 2,400 करोड़ रुपये, 31 मार्च 2024 तक हाल ही में 250.62 करोड़ रुपये के तीन नए ऑर्डर के साथ जनवरी 2024 की शुरुआत से हरियाणा और महाराष्ट्र में विस्तारित हुआ है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड अपने ऑर्डर बुक के निरंतर विस्तार के बारे में आशावादी है, जो कृषक समुदाय के बीच सोलर पंपों को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। तिमाही के दौरान कंपनी ने सफ्लतापूर्वक 200 करोड़ रुपये क्यूआईपी के माध्यम दो प्रमुख म्यूचुअल फंडों से प्राप्त किये है। इन राशियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पंप/मोटर्स, इनवर्टर/वीएफडी और सहायक स्ट्रक्चर की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए उपयोग किया जाएगा। रिसर्च और डेवलपमेंट के प्रति हमारा अटूट समर्पण है, क्योंकि हम खुद को एक इनोवेशन केंद्रित इंटरप्राइजेज के रूप में परिभाषित करने का प्रयास करते हैं। यह प्रतिबद्धता हमारे द्वारा हाल ही में हासिल किए गए दो अतिरिक्त पेटेंटों से प्रमाणित होती है, जिसमें फाइल किए गए 29 में से हमें कुल 13 पेटेंट प्राप्त हो गए हैं7 सोलर पीएम कुसुम योजना के नेतृत्व में पंप उद्योग, 14 लाख से अधिक ऑफ-ग्रिड और 35 लाख से अधिक ऑन-ग्रिड सोलर पंपों की अनुमानित स्थापना डिमांड के साथ डेवेलपमेंट के लिए तैयार है।

1 मई

सुख-दुख के साथी बृजमोहन भईया

ल जन्मदिन के

गाड़ा-गाड़ा बधाई

जीवेत शरदः शतम्

विनीत : टंकराम वर्मा, अजय चन्द्राकर, राजेश मूणत, शिवरतन शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, इन्द्रकुमार साहू, देवजी भाई पटेल